

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 140, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 53 सूर्यास्त 18 : 29

बरेली, रविवार, 7 अप्रैल 2024


अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज...13

# महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

- वायरल वीडियो पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरनतारन की 55 वर्षीया महिला के साथ हुई घटना

तरन तारन, एजेंसी

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

## सिसोदिया को 18 तक जेल से रिहाई नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने शनिवार को ईडी के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ समीक्षा याचिका भी रद कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी रद हो चुकी हैं।

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर किए वार

# कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशक पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से पहला चुनावी रोड-शो कर मोदी मतदाताओं को लुभाते दिखे।


गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेशवासी समझदार हैं। यहां दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है उसे इंडिया गठबंधन ने फिर से रिलीज किया है।

- दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म को फिर से रिलीज कर रहा गठबंधन
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

### योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार

लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।





सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष...



रमज़ान मुबारक

(पीलीभीत)

| सत्ताईसवां रोज़ा इफ्तार 07 अप्रैल 2024 | अठ्ठाईसवां रोज़ा सहरी 08 अप्रैल 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:37 बजे | सुन्नी - 04:28 बजे |
| शिया - 06:43 बजे | शिया - 04:21 बजे |

(लखीमपुर)

| सत्ताईसवां रोज़ा इफ्तार 07 अप्रैल 2024 | अठ्ठाईसवां रोज़ा सहरी 08 अप्रैल 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:30 बजे | सुन्नी - 04:15 बजे |
| शिया - 06:39 बजे | शिया - 04:18 बजे |

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

An ISO 9001:2015 Certified Company

NOOR GLASS FABRICATION

If U Can Dream We Can Build

Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly

9761560515

e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com

website : www.noorglassfabrication.com


# बंगाल में एनआईए अधिकारियों की टीम पर भीड़ ने किया हमला

## 2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

प. बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में 3 दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं ने सुबह 6.20 बजे एनआईए के वाहन पर हमला कर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।



- हमले में एक अधिकारी घायल, टीम का एक वाहन भी क्षतिग्रस्त

### जाना-मेइती पर आतंक फैलाने की साजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेब मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया।

### हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

### एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

**बालुरघाट।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

## उत्तर प्रदेश, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। एजेंसी ने नौ फरवरी, 2024 को चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। अब तक की जांच के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश समेत उत्तरी क्षेत्र में सक्रिय है। भाकपा (माओवादी) के नेता, कार्यकर्ताओं और ओवर ग्राउंड वर्कर इस क्षेत्र में संगठन की स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

# 4 से 6 लाख में निःसंतान दंपती को बेचते थे बच्चे

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे। ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी में सीबीआई ने 5.5 लाख नकद और दस्तावेज जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी शिशुओं की खरीद-बिक्री करता है।


SELECTION POINT

The Complete Family Store

दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट

45, Civil Lines, Bareilly 8266800220

D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...

अमृत विचार

फेस्टिवल ऑफर

₹5/- प्रतिदिन


# शादी के लिए दबाव बनाने पर पिलाया तेजाब, युवती की मौत, प्रेमी गिरफ्तार

- 47 दिन बाद युवती ने दम तोड़ा शादी का झांसा देकर बनाए थे शारीरिक संबंध

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** शादी के लिए दबाव डालने पर प्रेमी ने युवती को जबरन तेजाब पिला दिया। कई दिन चले इलाज के बाद युवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तब ही रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। युवती की मौत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती का अपने घर के सामने रहने वाले अरमान से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और एक बार गर्भपात भी कराया। 18 फरवरी को युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने तेजाब पिला दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार वाले युवती को सीएचसी पूरनपुर ले गए। जहां से उसे लखनऊ के निजी अस्पताल ले जाया गया। कई दिन इलाज चला, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। तेजाब से उसकी जीभ व पेट में जख्म हो गए थे। डॉक्टरों के जवाब देने पर परिजन घर ले आए। शुक्रवार को युवती की हालत बिगड़ी तो पीलीभीत के अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। परिजन युवती को घर ले आए जहां उसकी मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने अरमान को पकड़ लिया।

> इस मामले में पहले से एफआईआर दर्ज है। आरोपी भी पकड़ लिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट होगी। सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

### वीडियो वायरल कर मांगी थी फांसी की सजा

तीन अप्रैल को पीड़िता का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह अपने साथ हुई घटना को बयां करते हुए आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग कर रही थी।

## रामनवमी, चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

- आतंकियों से एटीएस और एनआईए कर रहीं पूछताछ

**लखनऊ।** नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस सूत्रों ने यह जानकारी दी। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर निवासी अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

### गगन शक्ति अभ्यास


उन्नाव जिले में गगन शक्ति 2024 अभ्यास के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग के बाद टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

# मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश

पेपर लीक मामला

- डा. शरद सिंह से 25 लाख रुपये के बदले हुई थी प्रश्नपत्र की डील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था।

एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था। आरोपियों ने बताया था कि शरद से प्रश्नपत्र के बदले 25 लाख रुपये की डील हुई थी। शरद अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। वह कहां है? क्या कर रहा है? इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसटीएफ ने शरद की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शरद को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### राजीव नयन को 6 दिन की रिमांड

**मेरठ।** जिले की एक अदालत ने उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसटीएफ की मेरठ इकाई के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में पैरवी के लिए लक्ष्य कुमार सिंह विशेष लोक अभियोजक हैं, जिन्होंने सीजेएम आकांक्षा सिंह की अदालत में राजीव की पुलिस रिमांड के लिए अर्जी दी थी। पेपर लीक करने वाले राजीव को ग्रेटर नोएडा के परी चौक से दो अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। राजीव थाना कंकरखेड़ा, मेरठ के उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम समेत अन्य धाराओं में दर्ज मामले में वांछित था। इसी मामले में उसकी गिरफ्तारी की गई थी। गुरुग्राम के अलावा राजीव ने रीवा के भी रिसॉर्ट में प्रश्नपत्र लीक से जुड़ी गतिविधि को अंजाम दिया था।

वृद्धावस्था पेंशन | वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या व बरेली में वृद्धावस्था लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक

# लंबी हुई कतार, एक वर्ष में बढ़ गए नौ लाख पेंशनर्स

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन लेने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक बढ़ गई है। विभाग की ओर से योजना के तहत वृद्धों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। इसकी धनराशि हर तिमाही लाभार्थी के बैंक खाते में जाती है। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष से अधिक आय नहीं होनी चाहिए।

**46,55,818** लाभार्थी थे वित्तीय वर्ष 2023 2024 में अप्रैल से जून तक

**55,68,590** हो गई जनवरी से मार्च 2024 के अंतिम तिमाही में संख्या

> विभाग का प्रयास होता है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्रों को लाभ दिया गया है। - **कुमार प्रशांत**, निदेशक, समाज कल्याण

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून तक तिमाही में पेंशन किस्त भेजने के समय प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी। यह जुलाई से सितंबर तक दूसरी तिमाही में बढ़कर 46,66,083 पहुंच गई। अक्टूबर से दिसंबर तक पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 52,79,288 हो गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से मार्च में भुगतान किया गया तो पात्रों की संख्या 55,68,590 हो गई। पेंशन का लाभ लेने वालों की बुजुर्गों की संख्या प्रतिमाह औसतन 76,064 बढ़ी है।

### पेंशन लाभार्थियों की वृद्धि का आंकड़ा

| जिला | जून 2023 | मार्च 2024 | जिला | जून 2023 | मार्च 2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| आगरा | 50,649 | 63,477 | गोरखपुर | 128423 | 157073 |
| अलीगढ़ | 51,604 | 60,792 | हरदोई | 102526 | 125678 |
| अंबेडरकरनगर | 113,198 | 129793 | जौनपुर | 156827 | 177855 |
| आजमगढ़ | 142459 | 172464 | कानपुर देहात | 66479 | 74613 |
| अयोध्या | 77343 | 91030 | कानपुर नगर | 60803 | 78234 |
| बहराइच | 92849 | 119916 | रामपुर | 39336 | 46666 |
| बलिया | 104278 | 125049 | शाहजहांपुर | 74,775 | 89390 |
| बरेली | 67358 | 78469 | उन्नाव | 103034 | 120206 |
| बस्ती | 94042 | 109073 | लखनऊ | 55759 | 65931 |
| बाराबंकी | 91011 | 110880 | वाराणसी | 83603 | 102801 |

रमज़ान मुबारक
सत्ताईसवां रोज़ा इफ्तार 07 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:37 बजे
शिया - 06:43 बजे
अठ्ठाईसवां रोज़ा सहरी 08 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:28 बजे
शिया - 04:21 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### मामूली सी बात पर पीटा

पीलीभीत। शनिवार को शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी नजीर की कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर पड़ोसी ने उसकी पिटाई कर दी।

# प्रधानमंत्री के आने से पहले एसपीजी ने जमाया डेरा, प्वाइंट चिह्नित

## हेलीपैड स्थल पर पहुंचा फोर्स, रास्ते में पड़ने वाले घरों का किया गया सत्यापन, ड्रमंड कॉलेज में तेजी से चल रहा मंच बनाने का काम, पार्किंग व एंट्री गेट तय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल को शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा करेंगे। प्रधानमंत्री के आने से पहले यहां एसपीजी ने अपना डेरा जमा लिया है। सभा स्थल पर मंच और डी- एरिया का इलाका एसपीजी खुद संभाले है। डी एरिया के अंदर प्रशासन के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश अभी से प्रतिबंधित कर दिया है। हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक आसपास के घरों का सत्यापन कराया गया है। पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार शाम अधिकारियों ने सभास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार पीलीभीत आ रहे हैं। इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है। प्रधानमंत्री का दौरा तय होने के बाद से प्रशासन और भाजपाई तैयारियां करने में जुटे हैं। जनसभा शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर होगी। यहां से करीब डेढ़ किमी दूरी पर मोमिनगंज गांव में खाली पड़ी आठ एकड़ जमीन पर हेलीपैड बनाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सभा स्थल पर मंच से लेकर हेलीपैड बनाने में 250 श्रमिक पिछले कई दिनों से कार्य कर रहे हैं। जमीन के समतलीकरण के लिए जेसीबी और पोकलेन लगी हैं। शुक्रवार को एसपीजी की टीम पीलीभीत पहुंच गई।

टीम ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत बातचीत की है। इसके बाद जनसभा स्थल, हेलीपैड के अलावा शहर और जनसभा स्थल के आसपास वाले एरिया में निरीक्षण किया। सुरक्षा के चलते एलआईयू और स्थानीय पुलिस की टीमें सभास्थल के आसपास लगभग 250 से अधिक घरों का सत्यापन किया। घर में रहने वाले किरायेदारों की भी विस्तृत जानकारी जुटाई। इसके अलावा सभास्थल से लेकर हेलीपैड तक के रास्ते पर मौजूद सड़क किनारे मौजूद घरों का सत्यापन कराया जा रहा है। साथ ही शनिवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारियों के संग सभास्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा।



शहर से सटे मोमिनगंज गांव में हेलीपैड का निर्माण करते श्रमिक। ● अमृत विचार



प्रधानमंत्री की सभा के लिए राजकीय ड्रमंड कॉलेज के मैदान पर लगाया जा रहा टेंट।



ड्रमंड कॉलेज में जेसीबी से झाड़ियां साफ करता नगर पालिका कर्मचारी।

### प्रधानमंत्री के आने से पहले पकड़े जा रहे छुट्टा पशु



प्रधानमंत्री की जनसभा के चलते प्रशासन के अलावा नगर पालिका भी अलर्ट मोड पर है। नगरपालिका की ओर से 70 से अधिक कर्मचारियों शहर की सफाई व्यवस्था सुधार में लगाए गए हैं। गौहनिया चौराहा से लेकर कचहरी तक सड़कों के दोनों ओर से फैली गंदगी, झाड़ियों आदि को साफ कराया जा रहा है। इसके अलावा जनसभा स्थल पर एसपीजी की टीम ने अपनी मौजूदगी में मंच आदि के पास लगे पेड़ की कटाई और झाड़ियों और को साफ कराया। इतना ही नहीं सड़क पर छुट्टा पशुओं को भी पकड़वाने के लिए टीमें लगा दी गई है।

### बैरियर लगाकर बंद की जाएंगी सड़कें, बेरिकेडिंग होगी

प्रधानमंत्री मोदी का हेलीकॉप्टर मोमिनगंज में उतरेगा। जहां से उनका काफिला जनसभा स्थल के लिए रवाना होगा। इस दौरान वह करीब डेढ़ किलोमीटर का सफर तय कर जनसभा स्थल पर पहुंचेगें। ट्रैफिक पुलिस की ओर से जनसभा स्थल के बीच पड़ने वाले अवैध कट और रास्तों को बंद किया जाएगा। जहां अवैध कट पर बेरिकेड़िग की जाएगी। साथ ही अन्य रास्तों में बैरियर लगाकर पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। प्रधानमंत्री के आने से करीब आधा घंटा पहले ही रूट को बंद कर दिया जाएगा।

### छह स्थानों पर बनाए जाएंगे पार्किंग स्थल

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पुलिस ने पार्किंग की जगह को अंतिम रूप दे दिया है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शहर के रामलीला मैदान, एलएच शुगर फैक्ट्री मैदान, माधोटांडा मार्ग पर क्रासिंग के पीछे, रामा इंटर कॉलेज और गांधी स्टेडियम को पार्किंग बनाया गया है। जहां पार्किंग की व्यवस्था दी गई है। निर्धारित जगह में ही सिर्फ वाहनों को पार्क किया जाएगा।

### तीन गेटों से कराई जाएगी लोगों की एंट्री

जनसभा स्थल ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में तीन जगहों से जनता की एंट्री की जाएगी। इसके लिए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के गांधी स्टेडियम मार्ग पर बाउंड्री को तोड़कर तीन गेट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा पीछे की ओर हॉस्टल के समीप स्थित गेट से भी जनता की एंट्री की जाएगी। टनकपुर हाईवे स्थित ड्रमंड कॉलेज के गेट को पूरी तरह से वीआईपी के लिए बंद रखा जाएगा। जहां से सिर्फ वीआईपी वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा। इस रूट से प्रधानमंत्री का काफिला भी गुजरेगा।

### हाईवे से हटाया जा रहा अतिक्रमण जनसभा के दिन बंद रहेंगी दुकानें

प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा के दौरान टनकपुर हाईवे के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। प्रशासन के साथ नगरपालिका की टीम ने अस्पताल से लेकर गौहनिया चौराहा तक रूट को साफ कराया। इस दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण और खोखे आदि को वहां हटा लिया। साथ ही जनसभा स्थल के आसपास कोई भी दुकान नहीं खुलेगी।

### सेफ हाउस में रहेगा पैरामेडिकल स्टाफ

जनसभा स्थल और हेलीपैड के अलावा भी सेफ हाउस बनाए जा रहे हैं। जिससे हेलीपेड से कुछ दूरी स्थित एक स्थान पर बनाया गया है। जहां एसपीजी के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मेडिकल कॉलेज में भी एक सेफ हाउस बनाया गया है। जहां डॉक्टरों की टीम तैनात रहेगी। सीएमओ की ओर से पांच टीमें बनाई गई हैं। दो लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगी।

# घर-घर पहुंचीं टीमें, दिव्यांग-बुजुर्गों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे दिन शनिवार को भी पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया। पोलिंग पार्टियों ने घर-घर जाकर वोट डलवाए।

अबकी बार दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी गई है। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में 820 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता पोस्टल बैलेट मतदान के योग्य पाए गए। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पांच अप्रैल से पोस्टल बैलेट की मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। शनिवार को दूसरे दिन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां घर-घर गईं और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष मतदान कराया। सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में शनिवार शाम पांच बजे तक दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया आठ अप्रैल तक चलेगी। अंतिम दिन छूटे हुए मतदाताओं के वोट डलवाए जाएंगे।



दिव्यांग महिला से मतदान संबंधी प्रपत्र पर अंगूठा लगवाता मतदान कर्मी।

- सुरक्षा को पुलिस रही मौजूद आठ अप्रैल तक चलेगा पोस्टल बैलेट से मतदान

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। शनिवार को पोलिंग पार्टियों के माध्यम से मतदान करवाया गया। पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया आठ अप्रैल तक चलेगी। आठ अप्रैल को छूटे मतदाताओं के घर जाकर मतदान करवाया जाएगा।
> – ऋतु पुनिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# 19 अप्रैल को 1924 बूथों पर 1831699 मतदाता डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम ले जाई गईं। जहां ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभा वार रखा जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक 10 प्रतिशत ईवीएम रिजर्व में रखी जाएंगी।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला 19 अप्रैल को होना है। संसदीय क्षेत्र के 1924 बूथों पर 18,31,699 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में रखीं ईवीएम एवं वीवीपैट के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतगणना आदि कार्य नवीन मंडी स्थल पर कराए जाएंगे। इधर, शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में वेयर हाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट को नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ले जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच वाहनों से ईवीएम एवं वीवीपैट को मंडी स्थित स्ट्रांग रूम ले जाया गया। जहां इन सभी ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा जा रहा है। स्ट्रांग रूम में कुल 1914-1914 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट और 2097 वीवी पैट भेजी गई हैं।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में वेयरहाउस से रवाना की गईं ईवीएम व वीवीपैट।

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी ईवीएम व वीवीपैट को स्ट्रांगरूम में भिजवाया गया है। इनकी सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम रहेंगे।
> – ऋतु पुनिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

- कड़ी चौकसी के बीच स्ट्रांग रूम ले जाई गईं ईवीएम और वीवीपैट
- 10 फीसदी रिजर्व में रहेंगी ईवीएम प्रशासन ने तेज की चुनाव की तैयारी

### विधानसभा वार ईवीएम-वीवीपैट की स्थिति

| विधानसभा | बैलेट यूनिट | कंट्रोल यूनिट | वीवीपैट |
|---|---|---|---|
| पीलीभीत | 478 | 478 | 524 |
| बरखेड़ा | 447 | 447 | 489 |
| पूरनपुर | 487 | 487 | 534 |
| बीसलपुर | 502 | 502 | 550 |

### खराबी आने पर तत्काल बदली जाएगी ईवीएम

ईवीएम के खराब होने पर उसे तत्काल बदला जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से 10 प्रतिशत ईवीएम रिजर्व में रखी जाएगी। यानी मतदान वाले दिन बूथ पर यदि कोई ईवीएम खराब होती है तो उसे तुरंत बदला जाएगा। प्रशासन ने इसके लिए प्लान तैयार किया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को धमकाया रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचारः** गांव मनहरिया खुर्दकलां निवासी हरविंदर सिंह ने पुलिस को उदी तहरीर में बताया कि घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी गुरुवार सिंह उसके बहनोई है। वह जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि भी है। गांव चकपुर ताल्लुके आनंदपुर निवासी रणजीत सिंह ने बहनोई के ब्हाट्सएप पर अभद्र टिप्पणी की। मेसेज डिलीट करने पर आरोप है कि पांच लाख रुपये मांगे और न देने पर मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# भ्रष्टाचार मिटाने आए थे, खुद घोटाले में जेल गए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में शनिवार को सिख समाज के बीच जाकर उनको साधने का प्रयास किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना ही होगा।

शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान मनजिंदर सिंह ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व की सरकार सिख समाज को पीछे करने का काम करती रही। मगर इन दस सालों में लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समाज का सम्मान करते हुए कई ऐतिहासिक फैसले और कार्य किए हैं। फिर चाहे वह करतारपुर साहिब का कॉरिडोर हो, गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस का दिन घोषित करने का काम हो या फिर देश विदेश में रहने वाले सिख समाज की सुरक्षा और उनके सम्मान का विषय। उन्होंने कहा कि जो भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सत्ता में आए थे, आज खुद शराब घोटाले के मुख्य आरोपी बनने की ओर अग्रसर हैं। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद नंद, स्वतंत्र देवल, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा।

## फिर भाजपाई हो गए महंत अवनेश कौशिक

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नगर निकाय चुनाव में पत्नी प्रियंका कौशिक को भाजपा से टिकट न मिलने पर बागी हुए महंत अवनेश कौशिक एक बार फिर भाजपाई हो गए। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महंत रजनीकांत माहेश्वरी, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर करने के साथ बधाई दी है।

# सबका साथ सबका विकास है मोदी की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने शनिवार को कटकवारा, सिमरा अकबरगंज, जसोली दिवाली, भगवन्तपुर करोड़, चौसर हरदो पट्टी, मितेपुर, अमृता खास, रढ़ैता, लुहिचा, खनंका उचसिया, शिवपुरी नवदिया, बौनी, सफौरा आदि गांवों में सभा की। बीसलपुर नगर में राधा कृष्णा मैरिज लॉन, अग्रवाल सभा भवन और कायस्थ भवन में सभाएं की।

भाजपा प्रत्याशी व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में सभी का विकास बिना भेदभाव के किया जा रहा है। पहली ऐसी सरकार है जिसमें बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। आज सभी लोग समाज में देख सकते है कि सरकारी योजनाओं में भेदभाव नहीं है। जबकि पहले की सरकारों में ऐसी व्यवस्था नहीं थी। इसी का परिणाम है कि आज देश के लोग सबका साथ सबका विकास का नारा दे रहे हैं। यही मोदी की गांरटी है। लोगों का जीवन स्तर भी बदला है। लाभार्थी सीधे योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। इस मौके पर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, महीप सिंह आदि मौजूद रहे।



जनसभा को संबोधित करते जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

# बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शनिवार को स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को परिजनों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

उपाधि महाविद्यालय में सामान्य निर्वाचन लोकसभा 2024 के लिए अभियान के तहत मतदाता जागरुकता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में एकत्र स्टाफ और विद्यार्थियों को प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर विपिन कुमार नीरज, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश धर द्विवेदी, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. राखी मिश्रा, प्रदीप कुमार शर्मा, कुंदनलाल आदि मौजूद रहे।

डीएम संजय कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा कराने के लिए परिषदीय विद्यालयों में बीएसए अमित कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारियों की मदद से कार्यक्रम आयोजित कराए। खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी शिव शंकर मौर्य ने उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में शपथ दिलाई। बच्चों द्वारा मानव शृंखला बनाई गई। स्टाफ ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को 19 अप्रैल के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रखर मिश्र, संघमित्रा गौतम, गौरव वर्मा आदि मौजूद रहे।



उपाधि महाविद्यालय में मतदान की शपथ लेते प्रोफेसर व अन्य स्टाफ। ● अमृत विचार



उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में मानव श्रृंख्ला बनाते बच्चे। ● अमृत विचार

- स्कूलों-कॉलेजों में दिलाई मतदान की शपथ, बच्चों ने मानव शृंखला बनाकर प्रेरित किया

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत जरूरी है

**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य, चुनावी साक्षरता बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं को अपने परिवार व आसपास के क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करने की जिम्मेदारी दी। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। मतदाताओं को निर्वाचन की प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना चाहिए और उनकी सक्रिय भागीदारी हो। जिससे हम एक श्रेष्ठ लोकतंत्र का निर्माण कर सकेंगे। विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन बनाए। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया का महत्व बताया। इस मौके पर चांदनी सरोज, प्रिया, वैष्णवी, नेहा गंगवार, अंशिका, ध्रुवी, आंचल, अनुष्का, हरमनप्रीत, विशाखा, खुशी, मायरा, निधि, महक, दिशा आदि मौजूद रहे।



स्प्रिंगडेल कॉलेज में शपथ ग्रहण करते बच्चे। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई

**बीसलपुर, अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा कि इस बार मतदान शत प्रतिशत करें। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। जिससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो सकें। मताधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे प्रतिनिधि का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान वाले दिन छात्र-छात्राएं सबसे पहले पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करें, अन्य कार्यों को बाद में करें। समन्वयक डॉ. रजत गंगवार ने कहा कि खुद को मतदान करना ही है, दूसरों को भी जागरूक करना है। इस मौके पर डॉ. दरख्शां, डॉ. पवन कुमार त्रिवेदी, डॉ. रोहित पटेल, शालिकराम, राजेंद्र प्रसाद, चुन्नीलाल आदि मौजूद रहे। साहू जी महाराज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक चंद्रपाल मौर्य ने शिक्षक शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# प्रेक्षक व प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ सेकेंड रेंडमाइजेशन




एनआईसी में प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में द्वितीय रेंडमाइजेशन कराया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार रेंडमाइज सूची के सेट उपलब्ध कराए गए।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन की ओर तैयारी कराई जा रही है। 20 मार्च को प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य कराया गया था। इधर शनिवार को एनआईसी में निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक प्रसन्ना रामास्वामी व अन्य अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य कराया गया। अपर सूचना विज्ञान अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन संबंधी सभी कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद प्रेक्षक की अनुमति से द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा वार रेंडमाइज सूची प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010



ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठ
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टॉंसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# नवरात्र और ईद को लेकर बाजार गुलजार खरीदारी को दुकानों पर उमड़ रहे ग्राहक

## नौ अप्रैल को होगा चैत्र नवरात्र का पहला व्रत, दो दिन बाद मनाई जाएगी ईद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। देर रात तक खरीदारी चल रही है। नवरात्र के लिए पूजन सामग्री की दुकानें देर रात तक खुल रही हैं, वहीं कपड़े की दुकानों पर भी ग्राहक उमड़ रहे हैं। हालांकि पर्व को देखते हुए महंगाई की मार भी पड़ रही है। फलों के दाम में उछाल आ गया है।

नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरु हो रहे हैं। इससे पूजा सामग्री आदि की खरीदारी शुरू हो गई है। शहर के कटरा बाजार, स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड समेत विभिन्न स्थानों पर पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ लग रही है। लोग मां की प्रतिमा, वस्त्र, हवन कुंड आदि खरीदा रहे हैं। नवरात्र शुरु होने से पहले ही फलों के दामों के उछाल आया है। केला 60 रुपये दर्जन पहुंच गया है। इसके अलावा सेब, अनार, अंगूर आदि के फलों के दाम में भी इजाफा हुआ है। सेब पहले 80 रुपये किलो तक बाजार में बिक रहा था।

मगर नवरात्र आने से 100 से 120 रुपये किलो पहुंच गया है। वहीं, व्रत में खाया जाने वाला सिंघाड़े का आटा 150 रुपये से बढ़कर 200 रुपये प्रति किलो और कुट्टू का आटा 100 रुपये से बढ़कर 120-150 रुपये प्रति किलो हो गया है।



नवरात्र को लेकर बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं।



ईद को लेकर बाजार में कपड़े की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक।

उधर, अलविदा की नमाज के बाद ईद को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। स्टेशन रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, छिपियान मस्जिद, ड्रमंडगंज चौराहा, जेपी रोड, चौक बाजार, लाल रोड समेत विभिन्न बाजारों में दिन भर भीड़ हो रही है। कपड़ों के साथ ही इत्र, टोपी, आदि की खरीदारी की गई। कमल्ले चौराहा, बेलों का चौराहा, नावॉल्टी चौराहा की दुकानों पर भी भीड़ है। ईद का उत्साह लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। ईद पर नायरा सूट की खरीदारी महिलाएं कर रही हैं तो वहीं कढ़े हुए गरारा व शरारा की भी डिमांड है। रेडीमेड व्यापारी हनी अरोरा ने बताया कि कुर्ता की खरीदारी युवक अधिक कर रहे हैं। कपड़ों के दाम में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है लेकिन, इसका खरीदारी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

## पिता-पुत्र पर हमला करने की रिपोर्ट, चार आरोपी नामजद

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम अधकटा के निवासी परमेश्वरी दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च को सुबह 11 बजे वह घर के बाहर खड़े थे। इस बीच गांव के ही रामपाल और उसके बेटे जगतपाल, गौतम और उत्तम ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिटाई कर दी। ईंट फेंक कर मारी, जिसमें वह घायल हो गए। शोर सुनकर जब बेटा सुनील कुमार बचाने आया तो उस पर भी हमला किया। आसपास के लोगों के जमा होने पर हमलावर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**घर के बाहर खड़े ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट :** थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया के निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच अप्रैल की शाम सात बजे उनका भाई जोगेंद्र घर के बाहर था। इस बीच गांव के ही हरिशंकर उर्फ भूरे ने आकर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके भाई की पिटाई कर दी। शोर पर जमा हुए ग्रामीणों ने भाई को बचाया। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जाँचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जाँचें उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
पताः- फेज़ हॉस्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# परीक्षा प्रणाली में सुधार को सुझाव दिए

- शिक्षा निदेशक को पत्र भेज शिक्षकों की समस्या से कराया अवगत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने परीक्षाफल निर्माण एवं प्रगति में आवश्यक संशोधन किए जाने के संबंधी सुझाव देने की स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा ने परियोजना निदेशक को भेजे गए पत्र में बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा फल का कार्य संपन्न हो चुका है। परंतु कुछ बिंदुओं पर शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। पिछले कई वर्षों से विद्यालयों में सत्र परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जा रहा है, फिर भी प्रगति पत्र पर प्रथम सत्र परीक्षा एवं द्वितीय सत्र परीक्षा के कालम विधिवत बनाकर प्रेषित किए जा रहे हैं । जिससे अनावश्यक ही शिक्षकों के समय , श्रम और संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। प्रगति पत्र के प्रथम पृष्ठ यानि जिस पर छात्र का विवरण अंकित है उस पर विद्यालय का नाम, विकास क्षेत्र का नाम तो अंकित है लेकिन जनपद का नाम अंकित नहीं किया गया है। अगर विकास क्षेत्र का नाम मुद्रित है तो जिले का नाम भी मुद्रित किया जाना चाहिए, क्योंकि यदि किसी छात्र द्वारा प्रदेश के अन्य जनपद में प्रवेश लिया जाता है तो उसे अपना जनपद सिद्ध करने मे दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही पत्र में मांग की गई कि परिषदीय वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी इस प्रकार निर्धारित की जाए। जिससे उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परीक्षा फल तैयार करने के लिए शिक्षकों को पर्याप्त समय मिल सके।

## घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया शरीफगंज की निवासी सावित्री देवी पत्नी रामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही प्रेम कुमार, रुपकिशोर और सेवाराम आए दिन उसके साथ झगड़ा फसाद करते हैं ।तीन अप्रैल को भी आरोपियों ने बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की। बचाने आए बेटे लोकेश को भी पीटा। उसकी आंख के पास चोट आई। चौकी पुलिस को कॉल करने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की एफआईआर

**बरखेड़ा।** कस्बे के वार्ड नंबर एक की निवासी सुमन देवी उर्फ पुष्पा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले अनिल कुमार से हुई थी। कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर परेशान करने लगे। पांच अप्रैल को गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। इसके बाद मायके से दहेज लाए बिना वापस आने पर मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में पति अनिल कुमार, जेठ हरद्वारीलाल, शंभू, हरपाल समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## किराना की दुकान से सामान समेट ले गए चोर

**बीसलपुर।** किराना दुकान में खिड़की की सरिया उखाड़कर घुसे चोर हजारों का सामान समेटकर ले गए। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी अमरदीप ने बताया कि डिग्री कॉलेज मार्ग पर उनकी किराना की दुकान है। शुक्रवार को वह रोज की तरह रात करीब आठ बजे दुकान बंद करके घर आ गए। इस बीच खिड़की की सरिया उखाड़कर चोर घुसे और 25 हजार कीमत का सामान समेट ले गए। शनिवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो घटना का पता चला। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले की जांच कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### इनरव्हील क्लब ग्रेटर ने लगाई एग्जिबिशन



**पीलीभीत।** इनर व्हील क्लब ग्रेटर की ओर से रमा गार्डन में फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की पत्नी रश्मि गंगवार ने कराई। एग्जीबिशन में पीलीभीत, बरेली, दिल्ली मुरादाबाद ,शाहजहांपुर से वेंडर्स आए और स्टॉल लगाए। वेंडर्स को प्रोत्साहित किया गया। सूट ,साड़ी, ज्वैलरी कार्ड सेट, बैड कवर, सनग्लासेस, नमकीन आदि के स्टॉल लगाए गए। महिलाओं ने एग्जीबिशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### हर मोमिन का फर्ज है रोजा रखना



**बिलसंडा।** बंडा रोड पर व्यापारी शाकिर हुसैन के आवास पर शनिवार को रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि कुरआन-ए-पाक ने रोजे के मकसद को लफ्ज-ए-तकवा से ताबिर किया है। एक सच्चा मोमिन फकत खुदा के हुक्म मानकर सुबह सादिक (सेहरी) से लेकर गुरुब-ए-आफताब (वक्त-ए-इफ्तार) तक रोजा की नियत करके सब खाना पीना छोड़ दें,और अल्लाह की इबादत में लग जाए। इस पाक महीने में हो सके तो दान पुण्य अवश्य करें। हर मोमिन को चाहिए कि वह रोजा अवश्य रखें ।इस मौके पर जामा मस्जिद कमेटी के सदर नवाव उल्ला खां, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, अंसार खां,अनवार खां,शब्बीर अहमद,मोहम्मद रेहान,अंसार मंसूरी,सोहेल हुसैन खान,वसीम सिद्दीकी, मोहम्मद मियां उर्फ मुन्ने, रहमान शाह, बाबू अंसारी, शाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता को पीटकर निकाला, एफआईआर

**पीलीभीत।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जहानाबाद क्षेत्र के गांव हुसैननगर निवासी धर्मवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी मीरा देवी की शादी 14 मई 2022 को बरेली जनपद के श्यामतगंज मोहल्ला निवासी उमेश उर्फ गगन से की थी। बाइक की मांग पूरी न होने पर पति उमेश, सास हीराकली, ससुर बालकराम, जेठ जोगेंद्र ने मारपीट कर तीन मार्च को घर से निकाल दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### गेहूं के खेत में आग से भारी नुकसान

**अमरिया।** तहसील क्षेत्र के गांव हर्रायपुर में गेहूं की फसल में शनिवार दोपहर आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हुई और आसपास के खेतों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल ट्रैक्टरों से जुताई कर आग पर काबू किया। हादसे में शफीक, इकबाल की 10 बीघा, मुन्नी, शकील, वकील अहमद की 15 बीघा, अफजाल, इमरान, फैयाज शफीक की दो-दो बीघा गेहूं की फसल जलने की बात कही गई। हादसे के चलते अफरा तफरी मची रही।




### जिले में गत 87 दिन में टीबी के मिले 2208 रोगी, पिछले साल टीबी रोगियों की संख्या थी 11576

# हल्के में लिया खांसी और बुखार, बन गए टीबी रोग का शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यदि कई दिनों से खांसी आ रही है और बुखार है तो इसे हल्के में बिल्कुल न लें, क्योंकि यह टीबी रोग भी हो सकता है। सीएचसी एवं जिला टीबी अस्पताल जाकर जांच कराएं, जिससे बीमारी का पता लगने पर समय पर इलाज मिल सके। टीबी अब लाईलाज नहीं रही। समय पर जांच और इलाज होने से टीबी को हराया जा सकता है। यह कहना है जिला क्षय रोग अधिकारी एवं एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता का।

उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, क्योंकि टीबी ग्रसित मरीज के खांसने और छीकने पर जीवाणु हवा के माध्यम से एक से दूसरे में सांस लेने के जरिए प्रवेश कर टीबी रोग को जन्म देते हैं। इसलिए खांसी हो या बुखार यदि सात आठ दिन से अधिक रहता है तो नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर दिखाएं। एसीएमओ ने बताया कि इस तरह के तमाम मरीज आते हैं, जो लंबे समय तक खांसी और बुखार रहने पर मेडिकल स्टोर या फिर झोलाछाप से दवा व सीरप का सेवन करते रहे। यह सेहत के साथ खिलवाड़ करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कई मरीज सामने आए हैं, जिन्होंने लंबे समय तक खांसी और बुखार के साथ वजन घटने को नजरअंदाज किया और जांच कराने पर टीबी के रोगी निकले।


ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते संभावित टीबी रोगी। ● अमृत विचार

**जिले में टीबी रोगी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2022 | 9563 |
| 2 | 2023 | 11576 |
| 3 | 2024 | 2208 |

- टीबी अस्पताल में रोजाना ओपीडी- 75 से 80
- एक्सरे कराए जाते हैं- करीब 10

**केस 1** गोला रोड निवासी 65 वर्षीय महिला ने बताया शुरुआत में खांसी आने पर मेडिकल से सीरप मंगाकर इस्तेमाल किया। कुछ राहत मिली, लेकिन पूरी तरह से खांसी नहीं गई। अंग्रेजी से लेकर आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाएं की। मगर, खांसी में आराम नहीं मिला। कुछ दिन बाद जब जांच कराई तो टीबी बीमारी का पता लगा। अब टीबी की दवा खा रही हूं।

**केस 2** गोला निवासी एक व्यक्ति ने बताया वाहन चलाते हैं। कुछ समय तक खांसी आई और उसके बाद बुखार आने लगा। पहले स्टोर से लेकर दवा खाते रहे। कुछ दिन बाद आराम मिला, लेकिन दो तीन बाद फिर से खांसी आने के साथ बुखार आने लगा। कई दिन बीतने के बाद जब जांच कराई तो टीबी रोग होना बताया गया। हालांकि दवा लेने से आराम हैं।

**लापरवाही दे रही टीबी रोग को जन्म**

जिले में टीबी रोगी हर साल बढ़ रहे हैं। साल 2022 में इनकी संख्या जहां 9563 थी तो वहीं साल 2023 में टीबी रोगियों का आंकड़ा बढ़कर 11576 पहुंच गया। यह स्थित तब है जब समय समय पर अभियान चलाकर टीबी रोगियों को खोजकर लक्षण के आधार पर जांच कराई जाती है। अभियान में शामिल आशा, एएनएम आदि बताती हैं कि गांव में लोग काफी दिनों से खांसी आने के बाद भी न तो इसके बारे में बताते हैं और न ही जांच के लिए तैयार होते हैं। बड़ी मशक्कत के बाद जांच कराने में टीबी रोग निकलता है।

**एक जनवरी से 27 मार्च 2024 तक मिले टीबी रोगी**

नकहा में 98, लखीमपुर टीबी अस्पताल- 698, फूलबेहड़- 74, रमियाबेहड़- 137, बेहजम- 34, पसगवां- 55, धौरहरा- 109, बांकेगंज- 81, बिजुआ- 85, पलिया- 88, मितौली- 113, गोला-168, ओयल- 17, सुंदरवल- 35, निघासन- 161, खमरिया-57, फरधान- 43, मोहम्मदी- 95, बरवर-30, कुंभी- 18, ईसानगर-11, खीरी टाउन- एक

"टीबी रोगियों का पता लगाने के लिए समय समय पर खोजी अभियान चलया जाता है। इसमें लक्षण के आधार पर जांच कराई जाती है। इसमें टीबी रोग की पुष्टि होने पर इलाज के साथ निक्षय पोषण योजना के तहत प्रति माह 500 रुपये भी रोगी के खाते में भेजे जाते हैं। लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी का आना एवं बुखार रहना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इसलिए सीएचसी पर जाकर जांच कराकर दवा का सेवन करें।

-**डॉ. अनिल कुमार गुप्ता**, एसीएमओ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी

## एक नजर

**होली मिलन समारोह की तैयारी के लिए बैठक**

**गोला गोकर्णनाथ।** विधायक अमन गिरि द्वारा होली मिलन समारोह सात अप्रैल को अलीगंज रोड स्थित जय शंकर बारात घर में शाम पांच बजे से होगा। बैठक में विधायक अमन गिरि ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के विकास में योगदान देने और आपसी मतभेदों को भुलाकर मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर कहा कि संगठन में ही शक्ति है। बैठक में लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, सभासद राजेश वर्मा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, बालकृष्ण गुप्ता, अनुराग गुप्ता, भोली गिरि, सुरेन्द्र शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आरएसएस का वार्षिक प्रतिपदा उत्सव नौ को**

**गोला गोकर्णनाथ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह महेंद्र नाथ पाठक ने बताया कि वार्षिक प्रतिपदा उत्सव नौ अप्रैल शाम छह बजे से खुटार रोड स्थित दीनदयाल धाम संघ कार्यालय पर मनाया जायेगा। जिसमें स्वयं सेवकों को पूर्ण गणवेश में आने की अपील की गई है।

**कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति का होली मिलन आज**

गोला गोकर्णनाथ। कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पटेल संस्थान में सात अप्रैल की शाम चार बजे होली मिलन समारोह होगा। समारोह में रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए नेपाल करेगा सहयोग

### लोकसभा चुनावः दोनों देशों के अधिकारियों ने की बैठक, आपसी समन्वय से कार्य करने पर सहमति

कार्यालय संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और सूचनाओं का आदान-प्रदान करने को लेकर भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक में सहमति बनी। तय किया गया कि भारत के साथ ही नेपाल भी अपने क्षेत्र में बैरियर बनाकर सीमा पार करने वाले अराजक तत्वों की निगरानी करेगा। इसके साथ ही दोनों देश अपने-अपने यहां सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर एक-दूसरे को सौंपेंगे।

शनिवार को एसएसबी की 39वीं वाहिनी गदनिया पलिया के सभागार में भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व खीरी के डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सिंह और कैलाली (नेपाल) के मुख्य जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने किया। बैठक में भारत में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने सीमा पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धरपकड़ सीमा के दोनों तरफ कैसे की जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर अपराधियों को संरक्षण न मिल सके आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कार्य योजना बनाई। बैठक में वर्चुअल जुड़े आईजी तरुण गाबा ने नेपाल के अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बैठक की आवश्यकता, प्रासंगिकता के बारे में बताया। कहा कि आश्वस्त हूं कि नेपाल के सहयोग से शांतिपूर्ण निर्वाचन होगा, जिसमें दोनों देशों का कोआर्डिनेशन अव्वल दर्जे का होगा।



कैलाली के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र को स्मृति चिन्ह देते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

**इन भारतीय अधिकारियों की रही मौजूदगी**

एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीडी दुधवा रंगाराजू, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, अश्वनी सिंह, सीओ यावेद्र यादव, प्रवीण कुमार यादव, डीईओ राजवीर सिंह, कमांडेंट 39 बटालियन राजेश सिंह, कमांडेंट 49 बटालियन शेर सिंह, कमांडेंट थर्ड बटालियन देवआनंद, कमांडेंट 70 बटालियन अतुल करकी मौजूद रहे। वहीं कई अधिकारी वर्चुअल भी जुड़े।

**नेपाल के यह अधिकारी रहे मौजूद**

मुख्य जिलाधिकारी (सीडीओ) कंचनपुर गोपाल कुमार अधिकारी, एसपी कैलाली पदम बी बिष्ट, एसपी कंचनपुर चक्र दास जोशी, एसपी (एपीएफ) डाल बहादुर पांडेय, खगेंद्र बहादुर चंद्र, एसीडीओ किरन जोशी, धरमराज जोशी, डीएफओ कैलाली राम चंद्र, डीआरडी नरेश बहादुर, कैलाली कस्टम अधिकारी राजेंद्र कुमार।

**नेपाल सीमा के डीएम ने पूर्ण सहयोग का किया वादा**

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नेपाल सीमा के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता में नेपाल की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों के मध्य सूचनाओं के आदान-प्रदान भी होगा। नेपाल की ओर से लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। भारत नेपाल के बीच रोटी बेटी का संबंध है। बैठक में एसपी कैलाली और कंचनपुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को मर्यादित शांतिपूर्ण कराने के लिए नेपाल कटिबंधता से पूरा सहयोग करेगा।

**नेपाल के सहयोग से चुनाव में आसानी होगी**

खीरी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जितना सहयोग मिलेगा उतना चुनाव कराने में आसानी होगी। हमारे संबंध अच्छे थे और भविष्य में भी बेहतर रहेंगे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि भारत की ओर से पेट्रोलिंग सतत जारी है। हम नेपाल की ओर से मिलने वाली सूचनाओं पर क्विक रिस्पांस करेंगे।

**स्मृति चिह्न भेंटकर किया स्वागत**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नेपाल के मुख्य जिलाधिकारी (सीडीओ) कैलाली धर्मेंद्र कुमार मिश्र, मुख्य जिलाधिकारी (सीडीओ) कंचनपुर गोपाल कुमार अधिकारी और अन्य अधिकारियों का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इसके लिए जिलाधिकारी नेपाल ने आभार जताया। इस दौरान कैलाली और कंचनपुर के अधिकारियों ने भारतीय अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

## छात्रों को बताए स्वस्थ रहने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **सरस्वती विद्या मंदिर में स्वास्थ्य दिवस पर हुई गोष्ठी**

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को जागरूकता गोष्ठी में बाल रोग विशेषज्ञ एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया मिश्रा ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहकर समाज सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

जीव विज्ञान प्रवक्ता विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रोगों से बचने की जानकारी देना है। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया मिश्रा ने कहा कि बीमारी को लेकर लापरवाही बरतना खतरनाक है। अनदेखी बीमारी को गंभीर बना सकती है। छात्राओं को शारीरिक साफ सफाई से लेकर पौष्टिक आहार लेने की नसीहत दी। कहा कि मौसमी फल और सब्जियों को सेवन खूब करें। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जानकारी ही बचाव है। हिंदी प्रवक्ता प्रमोद मिश्रा, आशीष मोहन बाजपेई सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## कल से शुरू होगा आस्था का मेला

- **मेला स्थल पर सज गईं दुकानें, लगने लगे झूले**

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की शाहपुर ग्राम पंचायत में पौराणिक मंदिर बाबा गदाईनाथ स्थान पर आठ अप्रैल से मेला शुरू हो रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। इस स्थान पर हर वर्ष चैत्र मास में मेले का आयोजन होता है, जो पांच दिन तक चलता है। इस वर्ष यह मेला आठ अप्रैल से प्रारंभ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। इस मेले में रामलीला पार्टी बुलाई जाती है, जिसके कलाकार रामलीला को खूबसूरती व सजीव चित्रण दिखाकर सबका मन मोह लेते हैं। मेला ग्राउंड में मौत का कुआं, सर्कस, ऊंचे बिजली चालित झूले लगने शुरू हो गए हैं। किवदंती है कि सैकड़ों वर्ष पहले राजा बेन ने इस मंदिर की स्थापना की थी। तब से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक माना जाता है, जहां दूर दराज से श्रद्धालु आकर अपनी मनौती मानते हैं। उन्हें विश्वास है कि उनकी मानौती शीघ्र ही पूरी होगी।

# समारोह पूर्वक मनाया भाजपा का स्थापना दिवस, कार्यकर्ता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **भाजपा की स्थापना से अब तक के संघर्ष के बारे में बताया**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय पर मनाया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने पार्टी के पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर व माला पहनकर सम्मानित किया।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष के बारे में बताया। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने भाजपा के दर्शन व विचारधारा की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने भाजपा के सफर को विस्तार से बताया। संचालन संयोजक जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने किया। प्रोफेसर विजय गुप्ता, राजकुमार त्रिवेदी, भगवान पाल, आशा सिंह, छोटेलाल, अशोक ढल, शिवाकांत मिश्रा को शाल ओढ़ाकर व माला पहनकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, खीरी लोकसभा संयोजक विनीत मनार, अरविंद सिंह संजय, किरण अग्रवाल, विनोद लोधी आदि मौजूद रहे।


स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गए वरिष्ठ कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**भारतीय जनता पार्टी विश्व कल्याण के लिए करती है कार्य**



**गोला गोकर्णनाथ।** भाजपा का स्थापना दिवस पर पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार एवं विधानसभा प्रभारी मनोज वर्मा ने पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज में अंत्योदय के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए विश्व कल्याण के लिए कार्य करती है। भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, विमलेश वर्मा, सुधीर अवस्थी, विजय मिश्रा, सुनील मिश्रा, मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया, सोनू त्रिवेदी, शैलेन्द्र मिश्रा, प्रभात गुप्ता, रवि प्रजापति, सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## आचार संहिता उल्लंघन में डीएम ने पकड़ी बसपा प्रत्याशी की कार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **पुलिस बुलाकर मोटर व्हीकल एक्ट में चालान कटवाया**

**अमृत विचार:** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने खीरी सीट से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा की कार रोक ली। बिना अनुमति कार पर बड़े साइज के दो झंडे लगे थे। कोतवाली पुलिस को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उधर, पुलिस ने कार का चालान काट दिया है।

डीएम-एसपी शनिवार को दोपहर बाद इमली चौराहे से सुवागाड़ा मार्ग पर वाहन संख्या यूपी 65 डीएम-0101 को पकड़ा। वाहन पर बसपा के दो बड़े झंडे लगे थे। इस पर उन्होंने नियमों की अवहेलना करने पर चालक की फटकार लगाई। स्थानीय पुलिस को निर्देश दिए कि मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। वाहन में बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा भी मौजूद थे। बसपा प्रत्याशी ने बताया कि बड़े झंडे नहीं लगे थे। कार के अंदर पार्टी का पटका रखा था, जिसे वह गले में डालकर सभा को संबोधित करते हैं। अचानक पुलिस की गाड़ियों ने उनके वाहन को रोका और चालान कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी बैठकों में भीड़ हो रही है, जिससे सत्तापक्ष के लोग बौखला रहे हैं। साजिशन शिकायत कर कार्रवाई कराई गई है, लेकिन जनता सब कुछ समझ रही है। वह झूठी शिकायतों से डरने वाले नहीं हैं।

# डीआईओएस दफ्तर पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **यूपी एजूकेशन मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर दिया धरना**

**अमृत विचार:** यूपी एजूकेशन मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन आहवान पर जिले के पदाधिकारियों ने शनिवार को डीआईओएस कार्यालय परिसर धरना देकर आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सचिव अश्वनी कुमार वर्मा ने बताया कि 30 मांगों को लेकर 24 जनवरी को अपर शिक्षा निदेशक(बेसिक) प्रयागराज एवं 30 जनवरी को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कार्यालय पर धरना देकर ज्ञापन दिया गया, लेकिन एक भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। वहीं छह फरवरी को प्रस्तावित आमरण अनशन महानिदेशक के अनुरोध पर निरस्त कर दिया गया था। उनकी प्रमुख मांगें मूल्यांकन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचाने में कर्मचारियों की ड्यूटी को लेकर जारी आदेश वापस लेने, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1, प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने, प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पद पर पदोन्नति करने, एनपीएस धनराशि के गबन के आरोप में निलंबित कर्मियों को बहाल करने आदि हैं। मांगें जल्द पूरी न हुईं तो संगठन सोमवार को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होगा। राजेश कुमार, उमाकांत मिश्रा, मनोज पांडे आदि मौजूद रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करने के बाद डीआईओएस को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

## गणेशपुर में मतदान की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गणेशपुर में महिलाओं द्वारा मतदान न करने की जानकारी पर शनिवार को ज़िले के ब्रांड एंबेसडर व शिक्षक एसपी सिंह, डायट स्वीप टीम व डायट प्रवक्ता अतुल मिश्रा यहां पहुंचे। उन्होंने लोगों को 13 मई को मतदान के लिए प्रेरित किया ।

एसपी सिंह ने सरकारी स्कूल पहुंचकर बच्चों को अपने माता पिता व घर के सभी लोगों को वोट अवश्य डालने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। बीएलओ ने उन्हें बताया कि गांव में कुल वोटर 3585 हैं, जिसमें 2007 पुरुष और 1578 महिलाएं है। एसपी सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री बिटान देवी, शिक्षिका कमलेश कुमारी व सहायिका के साथ गांव में भ्रमण कर महिलाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। अतुल मिश्रा ने महिलाओं को वोट के महत्व की जानकारी देकर महिला सशक्तीकरण के बारे में बताया।


वोट का महत्व बताते ब्रांड एंबेसडर एसपी सिंह।

## संतुलित खान पान बीमारियों से रखेगा दूर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में तमाम मरीज ऐसे आते हैं, जिनकी बीमारियों की मुख्य वजह असंतुलित खान पान और अनियमित दिनचर्या है। इनमें सर्दी, जुकाम बुखार से लेकर तनाव आदि के मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। जिला अस्पताल के फिजीशियन और मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला का कहना है कि नियमित दिनचर्या और खान पान सुधार कर बीमारियों को मात दी जा सकती है। तनाव कई बीमारियों का कारण है। इससे बचने के लिए सात से आठ घंटे की नींद है। ऐसा न करने से तनाव बढ़ेगा, जो तमाम बीमारियों की वजह बनेगा।

बताया कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर इन बीमारियों से ही नहीं, बल्कि अन्य तमाम रोगों से बचा जा सकता है।रोजाना सुबह जल्दी उठें। नियमित कम से कम 25 से 30 मिनट तक व्यायाम करें। रात में सात से आठ घंटे की नियमित नींद लें। ब्लड प्रेशर 130/80 से कम रखें। शुगर की मात्रा कंट्रोल रखें।

## मरीजों को किया फल वितरण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मानव उत्थान सेवा समिति के लोगों ने शनिवार को श्रीराजराजेश्वरी जयंती पर जिला अस्पताल में फल वितरण किया। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं संग वार्ड में भर्ती मरीजों को फल देकर उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था के डॉ. लीलानंद ने बताया कि समिति लंबे समय से समाज सेवा को लेकर काम करती आ रही है इसी क्रम में शनिवार को मरीजों में फल वितरित किए गए।

## बाला जी की शोभा यात्रा में जमकर झूमे श्रद्धालु

**मैलानी।** कस्बे में बाला जी की विशाल शोभा यात्रा नगर के मुख्य बाजार, चमन चौराहा, पुराना बाजार, मैलानी गांव, पलिया रोड, तिराहा बाईपास होते हुए यात्रा का समापन शिव मंदिर में किया गया। सुन्दर झांकियों पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर सहित तमाम श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बाला जी के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में पीएस रावत, अनिल गुप्ता, नितिन गुप्ता, हरीश बाजपेई, सतीश बाजपेई, केतन गुप्ता, रूपराम राठौर, कैलाश अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह, अमित कुमार, राकेश कुमार, सुभाष गोयल, द्वारिका प्रसाद गोयल, राहुल, गोपाल सहित तमाम भक्त मौजूद रहे। सात अप्रैल को बाला जी का जागरण होगा।


## रात में हरे पेड़ों को काटने का वीडियो वायरल

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** पुवायां रोड नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात वन विभाग की चौकी से मात्र 300 मीटर की दूरी पर लकड़कट्टों द्वारा हरेभरे आम के बाग को काटने और सुबह जेसीबी से पेड़ों की जड़ों को निकालने का वीडियो वायरल हो रहा है। तहसील क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ कटान हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के पुवायां रोड पर रातों-रात पूरा बाग साफ कर दिए जाने का वीडियो वायरल होने से यहां के जिम्मेदारी की कारगुजारी को बयां हो रही है। इस बाबत वन अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल नहीं रिसीव की गई।






अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# बदहाल स्वास्थ्य केंद्रों के हवाले ग्रामीणों की सेहत

## विभागीय उदासीनता से जर्जर होते जा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य उपकेंद्र

धीरज सोनी, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की मार झेल रहा है। सरकारी डॉक्टर, एएनएम की ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती होने के बावजूद भी वे गांव में जाना पसंद नहीं करते। ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों की लागत से बने अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र रखरखाव के अभाव में खंडहर हो गए हैं।

बिजुआ ब्लाक में अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम, डॉक्टर कभी झांकने तक नहीं गए। उन्हें यह भी पता नहीं है कि सरकारी भवन बचा भी है या धराशायी हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौती बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेने को विवश हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नजान बन केवल कागजी खाना पूर्ति कर रहे हैं। अमृत विचार ने ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के कई उप स्वास्थ्य केंद्रों की पड़ताल की तो नतीजे चौंकाने वाले सामने आए। कहीं उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति जर्जर मिली, खिड़की दरवाजे गायब थे। कहीं बड़ी-बड़ी घास खड़ी मिली। कहीं उप स्वास्थ्य केंद्र के अंदर सांप बिच्छुओं का डेरा है। हर हाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।



जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्र फजल नगर ग्रंट। ● अमृत विचार

फजल नगर ग्रंट के उप स्वास्थ्य केंद्र में आज तक टीकाकरण किया गया न हीं ग्रामीण महिलाओं को इलाज मिल सका। इस उपकेंद्र पर किसी भी राष्ट्रीय पर्व पर झंडा रोहण भी नहीं किया गया। अनदेखी के चलते परिसर में गंदगी है। दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उपकेंद्र सांपों का अड्डा बन गया है।



उप स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में खड़ी झाड़ झंखाड़। ● अमृत विचार

सहसपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम आरती पाल कभी केंद्र पर नहीं पहुंचती। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि एएनएम को कई बार उप स्वास्थ्य केंद्र में बैठने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने नजर अंदाज कर दिया। एएनएम घर से ही उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित करती हैं। जिससे ग्रामीणों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा।



बदहाल उप स्वास्थ्य केंद्र डिमरौल। ● अमृत विचार

डिमरौल में उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को खुशी थी कि अब उनके गांव में भी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद उप केंद्र बदहाली को बयां कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं है कि यहां पर कौन तैनात है। ग्रामीणों को इलाज के लिए कई किलोमीटर दूर बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।



उप स्वास्थ्य केंद्र रायपुर की टूटी बाउंड्री, गायब खिड़की, दरवाजे।

शासन द्वारा ग्रामीणों को गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रायपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तो करा दिया गया लेकिन इलाज के नाम पर मरीज को बाहर ही जाना पड़ता है जिससे इस उप स्वास्थ्य केंद्र की गांव में उपलब्धता बेकार साबित हो रही है। रखरखाव के अभाव में गांव में बने उप स्वास्थ्य केंद्र के खिड़की दरवाजे तक गायब हो चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य महकमा अनजान बना हुआ है।

बिजुआ ब्लाक में जो उप स्वास्थ्य केंद्र अधिक जर्जर हैं उन्हें सही कराने में लंबी प्रक्रिया है। सूचना विभाग को भेज दी गई है। जिन उप स्वास्थ्य केंद्रों में हल्की टूट फूट है उनमें शीघ्र ही मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्यकर्मी को मौजूद रहने पर जोर दिया जाएगा।
**-डॉ. सुभाष वर्मा** सीएचसी प्रभारी बिजुआ।

# बनते ही टूटने लगी सड़क के किनारे बनी नाली

**● ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप**

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** अजान घरथनिया रोड पर आबादी की जगहों पर सड़क के दोनों पटरी पर पानी निकास के लिए कराए जा रहे नाली निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है, जिससे बनते ही नाली टूटने लगी है। स्थानीय दुकानदार राकेश वर्मा, रवि वर्मा, असनीत वर्मा, आशीष कश्यप, अभिषेक कुमार, रामू अवस्थी, मंजीत कुमार, विपेन्द्र कुमार, मोनू जायसवाल, रवि जायसवाल, शिवम जायसवाल आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा चार माह पहले ही अजान से घरथनिया तक सड़क निर्माण कराया गया था। कस्बा अजान में नालियां का निर्माण हो रहा है।

नालियों में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है जिससे नालियां बनते ही टूट रही हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज की है।



टूट रही नाली।

## संचारी रोग से बचाव को बताए हाथ धोने के तरीके

**गोला गोकर्णनाथ।** संचारी रोग जागरूकता माह के अंतर्गत गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को हाथ धोने के तरीके बताए गए। सीएचसी के अर्श काउंसलर रूपेश मिश्र ने विद्यार्थियों को हाथ धुलने के तरीके सुमनके शब्दार्थ का मतलब एस-सीधा, यू- उल्टा, एम-मुट्ठी, ए-अंगूठा, एन-नाखून और के-कलाई बताते हुए कहा कि भोजन करने से पूर्व हाथ अच्छे से धोना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि गर्मी के मौसम में मक्खी, मच्छर, दूषित जल, गन्दे हाथों से खाद्य पदार्थों का सेवन करने से विभिन्न बीमारियां हो सकती है। सावधानी बरतने से रोगों से बचा जा सकता है। रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, नागेश वर्मा, आमिर हुसैन, तेजराम गंगवार, दुर्गेश कुमार, पुष्पेंद्र नाथ शुक्ल, श्रीश गुप्त, लिपिक राजेश कुमार, संजय त्रिपाठी, शंकरलाल, बरातीलाल, नीलम कुमार, राजकुमारी, साबिर अली आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## नवरात्र को लेकर तैयारियां तेज

**पलिया कलां।** नवरात्र को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिरों में साफ-सफाई के साथ ही सजावट आदि का कार्य शुरू हो गया है। नगर के प्रमुख पांडे बाबा स्थान पर बने दुर्गा मंदिर, आध्यात्मिक श्रीकुल आश्रम में स्थित देवी माता मंदिर, दुधवा रोड पर स्थित माता कालरात्रि मंदिर, अग्रसेन चौराहे पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, चीनी मिल मंदिर, पीपल चौराहे वाली देवी मठिया एवं मोहल्ला सिंगहिया स्थित देवी मंदिर पर साफ -सफाई, पुताई -धुलाई एवं फूलों व विद्युत झालरों की सजावट आदि का कार्य प्रारंभ हो चुका है। आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान के आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि मंगलवार से नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। सभी देवी भक्त श्रद्धालु उस दिन से नौ व्रत प्रारंभ कर अपने घरों, प्रतिष्ठानों अथवा मंदिरों में प्रात: कलश स्थापना कर जगत जननी देवी जी का पूजन -अर्चन, हवन, जप,पाठ व अन्य अनुष्ठान प्रारंभ कर प्रार्थना -आरती करेंगे।

## अर्द्धसैनिक बल, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रोशननगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के संवेदनशील गावों में सीओ अजेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस बल ने फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का विश्वास दिलाया। पुलिस ने लोगों को अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। हैदराबाद थानाध्यक्ष दीपक तिवारी, एसआई रामपलट यादव, अजान चौकी प्रभारी जेपी यादव ने ग्राम ममरी, रोशननगर, गनेशपुर, भवानीगंज, झाऊपुर, हैदराबाद, अजान सहित तमाम गांवों मे मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर फ्लैग मार्च किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# सिद्धि विनायक एकेडमी में मेधावियों को किया पुरस्कृत

**मैलानी, अमृत विचारः** सिद्धि विनायक एकेडमी राजामंडी में वार्षिक परीक्षाफल का समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नर्सरी से आठ तक के बच्चों को उनका रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। मेधावियों को प्रबंधक भवानी शंकर माहेश्वरी ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रत्येक कक्षाओं में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य गुरमीत कौर ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अध्यापिका दुर्गे सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। उत्सव गुप्ता ने शिक्षा का महत्व बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य अच्छी शिक्षा प्रदान करना है। संचालन अभिषेक शुक्ला ने किया। शिक्षिका सुशीला सिंह, प्रीति सिंह, करिश्मा, प्रमिला वर्मा, कोऑर्डिनेटर ब्रजेश गुप्ता, अंचल दीक्षित, सचिन त्रिवेदी, अवनीश, राजेश दीक्षित, मुजाहिद, सुहेल अंसारी, राजेश राठौर आदि मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन घर जलकर हुए राख


गांव बालूडीह में धू-धू कर जल रहे छप्परपोश घर। ● अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली की महेवागंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बालूडीह के ग्रामीण शनिवार को खेतों में काम करने लिए चले गए थे। अधिकतर घरों में महिलाएं और बच्चे थे। सुबह करीब दस बजे के आसपास निवासी लल्लू राम के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। शोर शराबा होने और उठी लपटों को देखकर खेतों से ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचते। इससे पहले आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटों ने रविंद्र कुमार और बालक राम के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

ग्रामीण अपने घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे तो कुछ लोग आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम भी मौके पर पहुंच गए। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत की। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से लल्लूराम के घर में रखी 26000 रुपये की नकदी, जेवर व अन्य घरेलू सामान, रविंद्र कुमार तथा बालक राम का कीमती जेवर व समेत लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# दसवें दिन रिपोर्ट...28 वें दिन कराया पोस्टमार्टम

## पालतू कुत्तों के हमले में पांच साल के बच्चे की मौत का मामला, ईंट भट्ठा मालिक समेत दो हैं नामजद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


मृतका शनि।


गांव धोबहा में खेत में कब्र खुदवाने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली के गांव धोबहा निवासी नारद के पांच साल के बच्चे को मुर्गी फार्म पर पालतू कुत्तों ने हमला कर मार डाला था। दसवें दिन पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी और अब 28वें दिन कब्र से निकालकर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली सदर के गांव धोबहा निवासी नारद पुत्र छैलू परिवार समेत थाना खीरी क्षेत्र के गांव बैरागर के निकट हरिपाल के ईंट भट्ठे पर पत्नी वंदना देवी के साथ ईंट की पथाई करता था। नौ मार्च 2024 की दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ ईंट की पथाई कर रहा था। दोपहर करीब 12 बजे उसका पांच साल का पुत्र शनि खेलते-खेलते कुछ दूरी पर गांव भीरा घासी निवासी गुड्डू के मुर्गी फार्म के पास पहुंच गया। वहां पालतू चार देशी नस्ल के कुत्तों ने शनि पर हमला कर दिया और उसे नोचकर मार डाला। कुत्तों के हमले में बच्चे का पेट भी फट गया। रोते-बिलखते परिजनों ने घटना की जानकारी मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू और अपने ईंट भट्ठा मालिक हरिपाल को दी। आरोप है कि इस पर दोनों गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। पुलिस को सूचना देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इससे परिवार काफी डर गया। नारद ने बताया कि उसने हिम्मत जुटाकर थाना खीरी पुलिस को तहरीर दी। काफी दौड़ भाग करने पर पुलिस ने दसवें दिन 19 मार्च को मुर्गी फार्म मालिक गुड्डू और भट्ठा मालिक हरपाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। तब से वह शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए लगातार थाने के चक्कर काट रहा था। डीएम की अनुमति मिलने के बाद शनिवार को पुलिस गांव धोबहा पहुंची और शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया है।

### दो भाइयों में छोटा था शनि

कुत्तों के हमले में मारा गया गांव धोबहा निवासी शनि दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसका बड़ा भाई नागेश (7) और बहन सुनैना (9) साल की है। पत्नी वंदना बच्चे को याद कर आज भी फफक कर रो पड़ती है। नारद ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार पाल पोष रहा है।

> पीड़ित ने जिस दिन तहरीर दी। उसी दिन रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। दौड़ भाग के बाद रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप निराधार है। डीएम से अनुमति मिलने के बाद शनिवार यानी आज शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
> –**अजीत कुमार**, एसओ– थाना खीरी

# खेत की मेड़ काटने के विवाद में दो महिलाएं घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा में मेड़ काटने को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। मारपीट से दोनों पक्षों से एक-एक महिला घायल हो गई। ग्राम नेवादा ढढ़ेल निवासी अच्छे लाल और शिशुपाल पुत्र खुमानी का खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया।

खेत पर शिशुपाल की पत्नी शिवरानी और अच्छे लाल की पत्नी निर्मला थीं। कहासुनी हुई तो मारपीट तक पहुंच गई। निर्मला का आरोप है कि शिशुपाल और उनके पुत्र प्रवेश, मंजेश व शिवम ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी जिससे उसके सिर और अन्य अंगों में भी चोटें आईं। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। शिवरानी का आरोप है कि जब उसके खेत में गन्ने की बुवाई हो रही थी तो अच्छे लाल, उसकी पत्नी जशोदा उर्फ निर्मला और पुत्र आलोक ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे उसे अंदरुनी चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों घायल महिलाओं का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया गया।

# जेल से छूटे आरोपियों ने किशोरी से की छेड़छाड़, पकड़कर खींचा

संवाददाता, बरवर (खीरी)

● **ताऊ के घर के बाहर बैठी थी किशोरी, सात पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** छह माह पहले ले जाई गई किशोरी के मामले में जेल से जमानत पर छूटकर आए दो आरोपियों ने अपने साथियों के साथ फिर उसी के साथ शर्मनाक हरकत की। पुलिस चौकी के निकट अपने ताऊ के घर के बाहर बैठी किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और उसे खींचने लगे। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों को नामजद किया है।

किशोरी के पिता ने बताया कि पांच अक्तूबर 2023 को कस्बे का हस्सान और अल्तमस अपने साथी सलमान के साथ उनकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए थे। उन्होंने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में तीनों आरोपी जेल गए थे। एक महीने पहले ही हस्सान और अल्तमस जेल से जमानत पर छूटकर आए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उनकी पुत्री अपनी ताई और चचेरी बहन के साथ दूसरे ताऊ के घर गई थी। वह घर पुलिस चौकी के निकट है। किशोरी और उसकी चचेरी बहन घर के बाहर कुर्सी पर बैठी थीं।

तभी ई-रिक्शा पर सवार होकर हस्सान, तंजीम, अल्तमस, असरफ, तौहीद, सवील आ गए और पुत्री को पकड़कर छेड़छाड़ करने लगे। एक आरोपी ने अपनी टी शर्ट किशोरी के चेहर पर डाल दी और उसे खींचकर ई-रिक्शा में बैठाने की कोशिश करने लगे।

किशोरी, उसकी चचेरी बहन और ताई के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर आ गए। इस पर आरोपी गांव में न रहने देने और जान से मार देने की धमकी देकर ई-रिक्शा से जाने लगे। घटना से आक्रोषित लोगों ने परिजनों के साथ मिलकर ई रिक्शा समेत एक आरोपी के रिश्तेदार को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से भाग निकले। ई-रिक्शा और आरोपी को पकड़कर चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। हस्सान और अल्तमस लगभग एक माह पहले जमानत पर छूट कर आए हैं।
> –**रंजीत सिंह यादव**, कार्यवाहक थाना प्रभारी थाना पसगवां

# शातिर बदमाश गिरफ्तार

**पलिया कलां।** प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि गांव बसंतापुर खुर्द निवासी रविंद्र सिंह उर्फ मंगा शातिर अपराधी है। उस पर रंगदारी, हत्या के प्रयास आदि के छह से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे बाइक से जाते समय गिरफ्तार किया। उसके पास एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है। शनिवार को गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान भेजा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** दूध लेकर घर वापस जा रहे साइकिल सवार को शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला।

शुक्रवार की शाम थाना नीमगांव के गांव बिलहरी निवासी शमीम अहमद (28) दूध खरीदकर साइकिल से घर आ रहा था। रास्ते में बेलाबोझी गांव के पास उसकी साइकिल में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस जब तक घायल को अस्पताल ले जाती। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

# विधायक ने बाढ़ बचाव क्षेत्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**गोला गोकर्णनाथ।** विधायक अमन गिरि ने ब्लॉक बिजुआ के ग्राम बझेड़ा में बाढ़ से होने वाले कटान को रोकने को बनाई जा रही परियोजना का निरीक्षण कर निर्देश दिए। विधायक अमन गिरि ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बाढ से मुक्ति दिलाना उनकी प्राथमिकता में है, जिसे लेकर वह निरन्तर प्रयासरत हैं। इसी प्रयास से अब बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा काम शुरू किया गया है। नदी के किनारों पर रेत की बोरियां भरकर लगाए जाने के बाद मजबूत बंधा भी बनाया जाएगा। इससे क्षेत्रीय लोगों को बाढ़ कटान से निजात मिलेगी। बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर सिंह, केके शुक्ल, सुधीश बाजपेई, मंजीत सिंह मंगे, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, चरणपाल सिंह, संतराम बीडीसी आदि मौजूद रहे।

# बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी बेहोश मिली

**गोला गोकर्णनाथ।** बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी एक घर में बेहोश मिली है। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। किशोरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही थी। उसके पिता का कहना है कि गांव नौवाखेड़ा निवासी एक युवक उसे बहला फुसला कर अपने बहनोई के घर बेहड़ा ले गया। उसके बाद उनकी बेटी को नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाबोझी में छिपा दिया गया। खोजबीन के दौरान पता चलने पर परिजन वहां पहुंचे तो किशोरी एक घर में बेहोश मिली, जबकि घर के सारे लोग भाग गए। परिवारवालों ने किशोरी को इलाज के लिये अस्पताल भर्ती कराया है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर पांच लोगों नोवाखेड़ा निवासी शुभम वर्मा, उसके बहनोई बेहड़ा निवासी शिवम वर्मा और बेलाबोझी निवासी श्रीकेशन, रामू और अंजू पत्नी श्रीकेशन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आरोपी पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के एक गांव की महिला गुरुवार को बाजार आई थी। शाम को घर जाते समय गांव लखनियापुर निवासी हरिओम ने उसे घर छोड़ देने की बात कहकर बाइक पर बिठा लिया। रास्ते में महिला की पिटाई करने के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने महज मारपीट, छेड़छाड़, लूटपाट व एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को एएसपी पूर्वी पवन गौतम और सीओ मितौली की जांच के बाद पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई है। महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा, लेकिन मेडिकल की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

# भारतीय मुद्रा के साथ दो युवक दबोचे

**पलिया कलां।** नेपाल जाने वाले मार्ग पर पुलिस और एफएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान एक नेपाली नागरिक समेत दो लोगों को पकड़ लिया। नेपाल के धनगढ़ी के वार्ड संख्या एक निवासी वंशगोपाल के पास से 90,500 रुपये और थाना गौरीफंटा के गांव ढकिया निवासी गोपाल गुप्ता के कब्जे से 2,45,000 रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की है।


Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in



कायमी वारिसान
वअदालत अपर लघुवाद न्यायाधीश बरेली
मुकदमा संख्या 1048 सन्-2014
अकील हसन आदि बनाम सरकार उ.प्र. आदि
बनाम
5/2 बब्बू उर्फ शादाब पुत्र स्व. इकतार, 5/3 इरशाद पुत्र स्व. इकरार, समस्त निवासीगण मोहल्ला रोहली टोला, निकट इमामबाड़ा मदीन शाह, पुराना शहर, बरेली, 6/1 श्रीमति सिकन्दर बी, आयु 63 वर्ष, पत्नी स्व. शमशाद उर्फ शादे, 6/2 मिजाज अली आयु 45 वर्ष पुत्र स्व. शमशाद उर्फ शादे, 6/3 मेराज अली आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व. शमशाद उर्फ शादे, 6/4 इमरान अली, आयु लगभग 30 वर्ष, पुत्र स्व. शमशाद उर्फ शादे, 6/5 सिराज अली आयु लगभग 20 वर्ष, पुत्र स्व. शमशाद उर्फ शादे, उपरोक्त सभी निवासीगण मोहल्ला रोहली टोला, निकट मदीने शाह का इमामबाड़ा, पुराना शहर, बरेली, 8/1 असगर अली उर्फ शानू पुत्र स्व. इश्त्याक अली, निवासी रोहली टोला, पुराना शहर, निकट इमामबाड़ा मदीना शाह, बरेली, 8/2 अरशद अली पुत्र स्व. इश्त्याक अली, निवासी रोहली टोला, पुराना शहर, निकट इमामबाड़ा मदीना शाह, बरेली, 13/1 बॉबी, आयु लगभग 30 वर्ष, पुत्र स्व. रईसा, 13/2 बन्टी, आयु लगभग 26 वर्ष, पुत्र स्व. रईसा, 13/3 राजू, आयु लगभग 24 वर्ष, पुत्र स्व. रईसा, 13/4 आशू आयु लगभग 22 वर्ष, पुत्र स्व. रहीसा, निवासीगणा मोहल्ला रोहली टोला, बरेली। हरगाह मुसम्मी मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बनाम मुद्दालय दायर की जो बाद में फौत हो गये। सायल ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप 9/4/24 मुतवक्फी मजकूर के कायम मुकायम कानूनी वारिस है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 9/4/2024 को हाजिर होकर मुकदमा हाजा की पैरवी करे वरना आपकी गैरहाजिरी मे मुकदमा फैसला होगा। आज बतारीख 27/3/24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
मुन्सरिम
वअदालत अपर लघुवाद न्यायाधीश, बरेली



तलाश गश्ती अपहृता/पीड़िता



सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.01.2020 को श्री अमर सिंह पुत्र विजयपाल, निवासी ग्राम पटना, थाना भुता, जिला बरेली मो.नं. 7830437395 में उपस्थित थाना आकर एक किता तहरीर बाबत अभियुक्त अवधेश पुत्र जगदीश निवासी पहाड़ीपुर, थाना फरीदपुर, जिला बरेली द्वारा वादी की पत्नी भूरी देवी को बहलाकर अपने साथ ले जाने के सम्बन्ध लाकर दाखिल की, जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर दाखिल की दाखिल तहरीर के आधार पर एनसीआर नं. 004/2020 धारा 498 भ.द.वि. थाना स्थानीय पर पंजीकृत की गयी। दिनांक 11.10.2023 को माननीय न्यायालय के आदेश से एनसीआर उपरोक्त को मु.अ.सं. 505/2023 धारा 498 भा.द.वि. में तरमीम किया गया। काफी प्रयास करने के बावजूद अपहृता/पीड़िता भूरि देवी उपरोक्त का पता नहीं लग सका। यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई सूचना प्राप्त हो, तो थानाध्यक्ष थाना भुता मो.नं. 9454403084 या विवेचक उ. नि. चैनूराम राणा मो. नं. 8193941317 अथवा वादी मुकदमा मो.नं. 7830437395 पर सूचित करें।
हुलिया अपहृता/पीड़िताः-
नाम-भूरि देवी पत्नी श्री अमर सिंह, निवासी ग्राम पटना, थाना भुता जिला बरेली उम्र-करीब 36 वर्ष गोरा, मध्यम शरीर, आँख, नाक कान व कद औसत



उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
सिविल लाइन्स, बदायूँ।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय /व्यवसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या, सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्रीमती कमला यादव पत्नी स्व. श्री राजवीर सिंह | दु.आ. वर्ग भवन सं.-बी-376 सिविल लाइन्स, यो.सं. 2 बदायूँ | 07.05.2021 | श्री विवेक यादव, श्री जितेन्द्र सिंह यादव पुत्रगण स्व. श्री राजवीर सिंह | श्री विकास यादव पुत्र स्व. राजवीर सिंह | पुत्रगण |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सम्पत्ति प्रबन्धक



FUTURE GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
- Tele Callers (F)
- Business Executives(M)
- Social Media Exe.(F)

For Bareilly, Budaun, Pilibhit, Shahjahanpur, Lakhimpur
MBA, Fluent in English (Exp. in Academic)
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
08 April, 2024
11:00am to 2:00pm
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Ph.:9917480040



अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो0 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430, 9927324855

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र राहुल अहमद पुत्र स्व. वकील अहमद को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। उसके किसी भी कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं है। शन्नो पत्नी स्व. वकील अहमद, नि. गुलाब नगर, बानखाना, थाना किला, जिला बरेली

बिकाऊ है
1247 वर्गगज का प्लाट मय बाउंड्रीवॉल व गेट और पक्का साइट आफिस।
नैनीताल बाईपास रोड (हार्टमैन पुल और पुलिस चौकी अशरफ खाँ के मध्य) बरेली।
सम्पर्क 7500000102, 9837093499

बिकाऊ है
मकान बिकाऊ है, पूरब मुखी 100 गज दो मंजिला
Max City Colony, Nakatia, Near Jat Regiment Centre, Shahjahanpur Road, Bareilly
Tiles & Water Tanki Fitting
Modular Kitchen
Western Toilets
5 Rooms
False Ceiling in living area and kitchen
LOAN FACILITY AVAILABLE
PRICE 60 LAKH
Contact : 8445819999

REQUIREMENT
Wanted Experienced fluent in English
Receptionist, Counsellors Accountant (Tally) (Male / Female)
PRT, TGT, PGT
Commerce, English, Physics,
ST. XAVIER SCHOOL
Akansha Enclave, Near Munshinagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

आवश्यकता है
अति शीघ्र आवश्यकता है, फुल स्टाफ की।
विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
पता- ITBP बुखारा मोड़, बरेली
मो. 7037760814, 9695554511
निम्नलिखित पदों में योग्य स्टाफ की आवश्यकता है।
1. नर्सिंग स्टाफ
2. रिसेप्शनिस्ट
3. कंप्यूटर ऑपरेटर
4. एक्स-रे टेक्नीशियन
5. लैब टेक्नीशियन
6. सफाई कर्मचारी
7. PRO
8. Blood Collection Team
इच्छुक व्यक्ति ऊपर दिए गए पते पर संपर्क करें।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



रविवार विशेष


# आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड



मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है।



जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।

58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।





### 42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

**21** फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

**14** फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।


**07** फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

### जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल



- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।

| | |
|---|---|
| मतदाता अपना मत चुनने से पहले दिमाग में जाति, धर्म, समुदाय, फायदा, प्रत्याशी से रिश्ते का ध्यान रखते हैं। | 38% |
| लोगों में करिश्माई नेता के प्रति आकर्षण ज्यादा। प्रत्याशी की पर्सनालिटी में भी इस बात को देखकर वोट का फैसला करते हैं। | 34% |
| लोग परिवारवादी या वंशवादी राजनीति उचित नहीं मानते, लेकिन डायनेस्टी लीडर्स की लोकप्रियता से प्रभावित नजर आते हैं। | 20% |
| लोगों की उलझन है कि पार्टी पसंद है, पर प्रत्याशी नहीं। ऐसे लोग प्रत्याशी की पहचान में अक्सर खुद को तलाशते हैं। | 08% |



### मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

# भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।


अरुण कुमार सागर।


राजेश कुमार कश्यप।


दोदराम वर्मा।

**2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | अरुण कुमार सागर | 6,88,990 |
| बसपा | अमर चंद्र जौहर | 4,20,572 |
| कांग्रेस | ब्रह्म स्वरूप सागर | 35,283 |

**2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | कृष्णा राज | 5,25,132 |
| बसपा | उम्मेद सिंह कश्यप | 2,89,603 |
| सपा | मिथिलेश कुमार | 2,42,913 |
| कांग्रेस | चेतराम | 27,011 |

**पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर**

| वर्ष –चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 47 .5 | 40 .7 | 6 .9 | 2 .1 |
| 2019 लोस | 58 .6 | 00 | 35 .6 | 3 .0 |
| 2014 लोस | 46 .5 | 21 .5 | 25 .6 | 2 .5 |

### बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

### जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980, 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।




### भाजपा का ब्लाक, विस और लोस सभी में कब्जा जिले से तीन मंत्री

शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र इस लिहाज से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जा सकता है कि यहां की सभी छह विधानसभा सीटों कटरा, जलालाबाद, तिलहर, पुवायां, शाहजहांपुर, ददरौल में उसका कब्जा है। 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने सभी छह विधानसभा सीटों पर बढ़त बनाई थी। सभी ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के हैं। जिले से प्रदेश सरकार में तीन मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर हैं।

चुनाव जो न कराए

### भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

### अजमेर में मोदी...



राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

### पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

# सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

संवाददाता, एटा





- भाजपा से तीसरी बार चुनावी मैदान में सांसद राजवीर सिंह
- बसपा ने अभी नहीं खोले पत्ते, मुस्लिम चेहरे की तलाश
- लोध और यादव जाति के वोटरों के बाद एटा लोकसभा क्षेत्र में शाक्य मतदाता सर्वाधिक संख्या में हैं
- महादीपक सिंह शाक्य एटा सीट से पांच बार रह चुके सांसद

**अमृत विचारः** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाताओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।




**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| निर्दलीय | हरिओम |

**2014 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| बसपा | नूर मो. खान |

# राजनीति का ककहरा सीख रहे शाह कितना कर पाएंगे कमाल

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर


कमाल शाह।

- **घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे और रितेश पांडे जनपद से बसपा के सिम्बल पर ही चुनाव लड़कर बने हैं सांसद**

**अमृत विचार :** जो जिला कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। जहां से बसपा का सिम्बल मिलना ही जीत की गारंटी मानी जाती थी। पार्टी में एक से बढ़कर एक कद्दावर नेता हुआ करते थे, उसी बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे राजनीति का नवजात शिशु कहा जा सकता है। बसपा ने जिसे अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया है, उसका कोई राजनीतिक इतिहास ही नहीं है। जिस दिन बसपा ने कमाल शाह को अपना प्रत्याशी घोषित किया उस दिन तक उनका कुल राजनीतिक अनुभव 28 दिनों का था। कमाल शाह कभी भी राजनीति में नहीं थे और न ही किसी पार्टी से उनका कोई वास्ता रहा है।

जनपद के किछौछा निवासी कमाल शाह की पहचान उनके अपने लोगों मे एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में थी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी उनका ज्यादातर जनपद से बाहर था। अचानक से वह 26 फरवरी को बसपा की सदस्यता लेते हैं। फिर 28 दिन बाद ही पार्टी ने उन्हें अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर ऐसा जिला है जहां से बसपा में कभी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव तक हुआ करते थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। लोकसभा और विधान सभा का चुनाव यहां से वह लड़ी थी। यह जिला कभी बसपा का गढ़ हुआ करता था। जनपद को बसपा ने एक नहीं कई सांसद दिए। घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे, रितेश पांडे यहां से बसपा के सिंबल पर ही चुनाव लडक़र सांसद बने। सूबे में जब बसपा की सरकार हुआ करती थी तब जनपद से ही तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे।

### दलित व सजातीय मुस्लिम मतों का है भरोसा

बसपा में आज हालत यह हो गई है कि कोई बड़ा नेता ही नहीं बचा है जो अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सके। जिसके कारण बसपा ने ऐसे नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने अभी राजनीति का ककहरा सीखना शुरू किया है। इसको लेकर राजनीति के गलियारे में चर्चा जोरों से है। भाजपा और सपा के दो दिग्गजों के बीच राजनीति का ककहरा सीख रहे कमाल शाह कितना कमाल कर पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हालांकि उनको बसपा के बेस वोट दलित और सजातीय मुस्लिम मतों पर पूरा भरोसा है। उनकी सारी चुनावी गणित इन्ही वोट के सहारे है।

# बहराइच सीट पर छह बार बाहरी प्रत्याशियों ने जमाया कब्जा

## केरल, मुरादाबाद व बुलंदशहर के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

## भाजपा ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को दिया मौका

राजू जायसवाल बहराइच




**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से 6 बार दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें गैर प्रांत के केके नैयर ने भी चुनाव में जीत दर्ज कर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाहर के जिलों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान होने के लिए बस कुछ दिन ही बाकी है। जिले में मई माह में बहराइच और कैसरगंज सीट के लिए अलग अलग तिथियों में चुनाव होना है। अब बात करें जिले के सीट पर प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की तो बहराइच सीट पर छह बार दूसरे जिले और प्रांत के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें आरिफ मोहम्मद खान (वर्तमान में केरल के राज्यपाल) ने सर्वाधिक तीन बार चुनाव जीता है। उन्होंने यह जीत दो बार कांग्रेस और एक बार जनता दल से हासिल की। आरिफ मोहम्मद खान बुलंदशहर के निवासी हैं। इसके बाद भी जिले की जनता ने आरिफ मोहम्मद खान को दिल खोलकर समर्थन दिया।

बहराइच सीट से केरल राज्य के निवासी केके नैयर ने जनसंघ पार्टी से वर्ष 1967 में चुनाव जीता। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से रफी अहमद किदवई ने जीत दर्ज की। वह बाराबंकी जिले के निवासी थे। जनता पार्टी से ओम प्रकाश त्यागी ने 1977 के चुनाव में जीत दर्ज की। वह मुरादाबाद जिले के निवासी थे। इसी तरह अंबेडकर नगर जिले के किछौछा निवासी मुजफ्फर हुसैन ने वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी।





### परिसीमन में हुआ था वर्ष 2009 का चुनाव

- बहराइच सीट पर वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव परिसीमन के बाद हुआ था। यह सीट वर्ष 2009 में सुरक्षित हो गई थी। इसी वर्ष गांधी परिवार के नजदीकी कमांडों कमल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। उस समय मनरेगा योजना ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।


### इस बार गठबंधन ने उतारा बाहरी प्रत्याशी

- बहराइच सीट से इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम को चुनाव मैदान में उतर गया है। वे गोंडा जनपद के निवासी हैं लेकिन जिले में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते सपा की ओर से होने प्रत्याशी बनाया गया है।

पुनः कांग्रेस ने वर्ष 2009 के चुनाव में गोरखपुर के निवासी कमांडों कमल किशोर को चुनाव मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि छह बार बहराइच सीट से दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं आठ बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम फहराया है। इनमें भाजपा की ओर से सर्वाधिक बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है।

# प्रियंका ने बनाया था जीत का रिकॉर्ड


पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत


स्व. राम सेवक यादव (फाइल फोटो)

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सीट से अब तक की सबसे बड़ी जीतका रिकॉर्ड भाजपा की प्रियंका सिंह रावत के नाम है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका रावत ने 2.11 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। प्रियंका रावत ने कांग्रेस के कद्दावर नेता पीएल पुनिया को शिकस्त दी थी। 73 सालों में 17 चुनावों में यह सबसे बड़ी जीत साबित हुई। उनका यह रिकार्ड अब तक नहीं टूट सका है। वहीं सबसे कम अंतर से जीत हासिल करने वाले सांसदों में में स्व. राम सेवक यादव का नाम दर्ज है।

बाराबंकी सीट से बाहरी प्रत्याशी के रूप में आईं प्रियंका सिंह रावत पहली बार सियासत में उतरीं और अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। मोदी लहर में पहली बार में ही वह सांसद बन गईं और संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के मतदाताओं ने उन्हें दिया। 1951 से लेकर 2019 तक चुनावी सफर पर गौर किया जाए तो बाराबंकी के 73 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी जीत प्रियंका सिंह रावत के ही नाम है। इसके साथ ही वह संसद पहुंचने वाली जिले की दूसरी महिला सांसद भी बनीं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के डॉ. पीएल पुनिया को 2 लाख 11 हजार 878 मतों से हराया था।

हालांकि इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इनका टिकट पार्टी ने काट दिया और उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा। इस बार भी जिले के मतदाताओं ने उपेंद्र को जिताकर लगातार दूसरी बार जिले में कमल खिलाया लेकिन प्रियंका सिंह के मुकाबले उपेंद्र सिंह रावत ने भले ही अधिक मत हासिल किए हों पर जीत का अंतर कम जरूर रहा। उपेंद्र सिंह रावत ने सपा के रामसागर रावत को 1 लाख 10 हजार 140 वोटों से हराया था। भाजपा के बैजनाथ रावत को सन् 1998 में पहली बार जिले में कमल खिलाने का तमगा हासिल है। अब तक दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की बात करें तो इसमें कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया का नाम आता है। जिन्होंने 2009 में जीत हासिल की थी। उन्होंने बसपा के कमला प्रसाद रावत को 1 लाख 68 हजार 575 मतों से शिकस्त दी थी। लेकिन भाजपा की प्रियंका सिंह रावत की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड आज तक कायम है।

### कब किसने कितने वोटों से हासिल की जीत

| चुनाव | विजेता | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | 13064 |
| 1957 | आरएस यादव | 30880 |
| 1962 | आरएस यादव | 321 |
| 1967 | बी.कुरील | 13469 |
| 1967 | आरएस यादव | 13374 |
| 1971 | बैजनाथ कुरील | 34829 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | 58345 |
| 1977 | राम किंकर | 147411 |
| 1980 | राम किंकर | 15641 |
| 1984 | कमला प्रसाद | 94671 |
| 1989 | रामसागर रावत | 64117 |
| 1991 | रामसागर रावत | 3798 |
| 1996 | रामसागर रावत | 14722 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | 13785 |
| 1999 | रामसागर रावत | 55278 |
| 2004 | कमला प्रसाद | 20927 |
| 2009 | पीएल पुनिया | 168575 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | 211878 |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | 110140 |

# रायबरेली में मोदी लहर में कम होता गया जीत का अंतर

**04** बार लगातार सोनिया गांधी ही चुनी गईं सांसद

**2019** में भाजपा के दिनेश सिंह ने दी थी कड़ी टक्कर

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

अतीत के झरोखे से

**अमृत विचार:** 1957 में अस्तित्व में आई रायबरेली लोकसभा सीट पर वैसे तो ज्यादातर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। अब तक तीन बार ही गैर कांग्रेसी सांसद बने हैं।

2004 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट पर कदम रखा और चुनाव में जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी के आने बाद से कांग्रेस की जीत का अंतर जरूर कम ज्यादा होता रहा लेकिन कोई मात नहीं दे सका। अब तक रायबरेली सीट पर आधी आबादी का ही ज्यादा कब्जा रहा है। 2004 के बाद से अब तक हुए चुनावों में पुरुष सांसद ही नहीं चुने गए। चार बार से लगातार रायबरेली से चुनकर जा रहीं सोनिया गांधी को 2019 के मोदी लहर में भी कोई नुकसान नहीं हुआ और वह यूपी से कांग्रेस की इकलौती सांसद चुनी गई थीं। पड़ोस की लोकसभा से बेटे राहुल गांधी को मात खानी पड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस बार भाजपा खेमा आत्मविश्वास से लबरेज है। इस बार उसे लगता है कि वह कांग्रेस को पटखनी दे देंगे।

कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने जीत का क्रम तो जरूर जारी रखा लेकिन मत प्रतिशत में लगातार गिरावट होती रही। भाजपा को जीत भले ही हासिल न हुई हो लेकिन उसका मत प्रतिशत जरूर बढ़ता गया। 2004 में जहां भाजपा का मत प्रतिशत 4.86 था। वही कांग्रेस का 58.75 प्रतिशत रहा। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ कर 80 प्रतिशत के ऊपर चला गया। लेकिन साल 2014 में जहां कांग्रेस का मत प्रतिशत 63.90 रहा, वही भाजपा भी छलांग लगाते हुए 17.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। सबसे ज्यादा नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में हुआ जब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा से लड़े दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। इस बार सोनिया गांधी ने जीत जरूर दर्ज की लेकिन जहां जीत अंतर कम हुआ वही मतदान प्रतिशत का भी नुकसान हुआ। इस बार भाजपा ने 38.35 प्रतिशत मत पाए वही कांग्रेस को 55.78 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा था।



### मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक हैं अयोध्या की बेटियां

# मतदाता सूची से मिले छोटे आंकड़ों में छिपा बड़ा संकेत



राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- **किशोर वर्ग में बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा हैं बेटियां**

**अमृत विचार:** चुनाव के दौर में सामने आए छोटे आंकडे से बड़ा संकेत है। अयोध्या की बेटियां लोकतंत्र में मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक है। मतदाता सूची में इनकी संख्या बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा है।

यह आंकड़ा 18 से 19 आयु वर्ग का है। 13-19 साल की आयु को किशोरावस्था (टीन एज) के तहत रखा जाता है। मतदाता बनने की न्यूनतम आयु 18 साल है। इस उम्र में किशोरियां अमूमन शमीर्ली होती है। वह मतदाता बनने के लिए उत्सुक नहीं होती। इसके बावजूद यदि किशोरियां मतदाता बनने में आगे हैं तो लोकतंत्र में मतदान के प्रति उनकी जागरुकता ही कही जाएगी।



निर्वाचन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 60 साल तक के मतदाताओं की संख्या में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, लेकिन 60 साल के बाद धीरे-धीरे पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं के आंकड़े से नीचे आने लगती है। रिपोर्ट कहती है कि अयोध्या जिले में भी 60 साल से ज्यादा उम्र के कुल मतदाताओं की संख्या 3,06,656 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,48,572 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,58,084 है। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से लगभग 9,512 ज्यादा है। लेकिन 20 से 60 साल के बीच मतदाताओं के आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में लगभग 1,11,382 का अंतर है। इससे इतर 23 फरवरी को सामने आए जिले के मतदाताओं के आंकड़ों के मुताबिक 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 23,449 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,332 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12,117 है।

महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 3.35 फीसदी है। जानकारों का कहना है कि ऐसा इस उम्र के मतदाताओं में जिले मे शायद पहली बार हुआ है। जब टीन एज के कुल मतदाताओं में किशोरियों की संख्या ज्यादा है। मानते हैं कि लोकतंत्र और मतदान के प्रति किशोरियों में रुझान बढ़ रहा है।

# लूट व भ्रष्टाचार का केंद्र भाजपा की नीतियां : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- **सपा प्रमुख बोले- समाजवादी सरकारों ने प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए किए थे विकास कार्य**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी सरकारों ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए बड़ी सोच एवं बड़े लक्ष्य के साथ विकास कार्य किए हैं, साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं तथा भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केन्द्र रही हैं।

शनिवार को सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादियों ने देश और जनता के लिए हमेशा बड़े विजन के साथ काम किया है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने विकास कार्य रोकने का कार्य किया। भाजपा की सोच संकुचित है। भाजपा सरकार में जो भी काम हुए उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था लेकिन उद्घाटन के साथ ही वह टूट गया था क्योंकि उसमें जमकर कमीशनखोरी हुई थी।

यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं। भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केंद्र रही हैं। नोटबंदी, चुनावी बॉण्ड सबसे बड़े भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं। समाजवादियों के कार्य आज भी देश और जनता के काम आ रहे हैं। देश के सबसे बड़े आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पहली बार लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी का निर्माण कराया गया।

### गिनवाई सपा सरकार की उपलब्धियां

सपा नेता ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में उन्नाव के पास हवाई पट्टी बनाई गई थी जिस पर आज भी लड़ाकू विमान मिग, सुखोई अभ्यास कर रहे हैं। यह एक्सप्रेस-वे देश की सामरिक जरूरतों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और भाजपा की सरकारों में यही अंतर है। समाजवादी पार्टी आपात स्थिति में देश की रक्षा के लिए लड़ाकू विमान उतारने के लिए मजबूत सड़के बनाती है और भाजपा जुमलों के कागज से बने झूठे हवा हवाई जहाज उड़ाती है। समाजवादी सरकार में इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण रिकार्ड समय सिर्फ 22 महीने में तैयार हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के समय भारतीय सेना ने एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर भारत के सबसे शक्तिशाली सुखोई, मिराज, हरक्यूलिस जैसे विमानों को उतार कर अपनी ताकत का एहसास कराया। उस समय देश के पूर्व रक्षा मंत्री रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव मौजूद रहे। सपा प्रमुख ने कहा कि कि समाजवादियों को इस बात का गर्व है कि उनकी सरकार में बनाये गये एक्सप्रेस-वे सदियों तक देश की सुरक्षा जरूरतों के काम आएगा।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर हरियाणा के मंत्री को नोटिस

**अंबाला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करने के एक दिन बाद राज्य के मंत्री असीम गोयल को आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को अंबाला शहर के विधायक गोयल को नोटिस जारी किया। नोटिस में सहायक निर्वाचन अधिकारी सह उपसंभागीय अधिकारी ने गोयल से पूछा कि ओल्ड मॉडल टाउन रोड पर विशाल टेंट लगाने की अनुमति क्यों नहीं ली गई। सैनी बृहस्पतिवार को रैली करने के बाद गोयल के आवास पर रात्रिभोज के लिए गए थे। विशाल तंबू के कारण सड़क का एक हिस्सा आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था। परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गोयल को नोटिस का जवाब देने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है।

# मध्य प्रदेश में 1.26 लाख लोग हुए एक ही दिन में भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

- **पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने किया दावा, तीन माह में 2.58 लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

मध्य प्रदेश में शनिवार को करीब 1.26 लाख लोग सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने दावा किया कि पिछले तीन माह में 2.58 लाख से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए।

मिश्रा नए लोगों को शामिल करने की जिम्मेदारी संभाल रही पार्टी की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सामाजिक संगठनों और अन्य सहित 1.26 लाख से अधिक लोग एक ही दिन में भाजपा में शामिल हुए। मिश्रा ने कहा कि पिछले तीन माह के दौरान मध्य प्रदेश में 2.58 लाख से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वालों में से 90 प्रतिशत से अधिक लोग कांग्रेस से हैं और बाकी सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारी है और विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक संगठनों से हैं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि ये लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और उनके नेतृत्व में किये गये विकास कार्यों तथा राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख वी.डी. शर्मा ने उन सभी का पार्टी में स्वागत किया। इससे पहले दिन में, घटिया (उज्जैन जिले) से तीन बार विधायक रहे कांग्रेस नेता रामलाल मालवीय कई अन्य पदाधिकारियों के साथ भाजपा के राज्य मुख्यालय में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।

# काल-अश्व विश्वरथ का नियंता


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहो है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप धुरवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

# प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं,बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा,ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास,साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

# भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है,क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं,वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं,चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो,चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं,इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था,लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी,से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक,मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस,संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है,जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था,लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है,उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

# भविष्य वर्तमान का प्रतिफल


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी,उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था,एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं,किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी,इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है,लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है,आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में,अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें,कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें,आदत की फसल काटें, आदत बोयें,चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें,नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं,परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं,परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

# लिखने का रंग


हफीज किदवई
लेखक

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते,लालटेन की रोशनी में,तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती,हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है,यह पेंट नहीं होता,उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन,यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं,मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों,उसके कानों,उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे,आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं,मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं,वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं,उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं,जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो,उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है,उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो,मगर उसमें हर लफ्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे,ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा,मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है,नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी,बस इतने भर के लिए है।

# मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व


डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का,नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है,जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

# वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है,जैसे आंधी,तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए,इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है,इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग से इरफान जुड़े, अन्य आरोपी कोर्ट पहुंचे

## आगजनी मामले में पांच बिंदुओं पर बहस, 15 को फैसला संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** शनिवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रहे आगजनी मामले में कोर्ट में पांच बिंदुओं पर बहस हुई। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से दो और बचाव पक्ष से तीन बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की, जिसमें फैसला आने की संभावना है। सुनवाई में सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड के मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ की शनिवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले में बीते चार अप्रैल को फैसला आना था, लेकिन जजमेंट में कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसला टाल दिया था। उन्होंने सुनवाई की तिथि छह अप्रैल निर्धारित की थी। शनिवार को मामले में सुनवाई की गई, जिसमें सपा विधायक इरफान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। वहीं अन्य आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पांच बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा, जिसमें से तीन बचाव पक्ष और दो बिंदुओं पर अभियोजन पक्ष की ओर से अपने तथ्य रखे गए। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने अगली तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की है, जिसमें फैसला आने की संभावना है।

### नजीर फातिमा ने आरोप लगाए थे

पीड़िता नजीर फातिमा ने आरोप लगाया था कि सात नवंबर 2022 को वह अपने परिवार के साथ भाई की शादी में गई थीं। इस दौरान सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान ने अपने गुर्गों के साथ उनकी झोपड़ी में आग लगा दी थी। प्लॉट को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि प्लॉट पर कब्जा करने के लिए आग लगाई गई थी, जिसमें उनका टीवी, फ्रिज, सिलेंडर समेत अन्य गृहस्थी का सामान खाक हो गया था।

### मामले में पांच बार टल चुका है फैसला

मामले में बीते एक मार्च को अभियोजन व बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद ट्रायल पूरा हो चुका है। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 14 मार्च की तिथि निर्धारित की थी। 14 मार्च को फैसला टलने के बाद 19, 22, 28 मार्च और फिर चार अप्रैल की तिथियां निर्धारित की गई थी, लेकिन इन तिथियों में भी फैसला नहीं आ सका।

# एमपीएमएलए कोर्ट में मुख्तार मामले में सुनवाई, तारीख मिली

**बाराबंकी कार्यालय, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस प्रकरण को लेकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश विपिन यादव की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत पर अभियुक्तगणों की तरफ से उनके अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन व उनके सहयोगी उपस्थित रहे। रणधीर सुमन द्वारा न्यायालय के माध्यम से पिछली तारीख को मुख्तार की मौत से सम्बंधित रिपोर्ट बांदा जेल प्रशासन से उपलब्ध कराए जाने की बात कही थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए बांदा जेल प्रशासन के अधिकारी को तलब करते हुए आदेश में लिखा था। जेल अधिकारी न्यायालय पर रिपोर्ट के साथ उपस्थित होकर बताएं। उसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को बांदा जेल प्रशासन के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वी के शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय में उपस्थित होकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु से सम्बंधित उपलब्ध कराए गए प्रपत्रों को तस्दीक किया। हालांकि बचाव पक्ष के वकील सुमन ने बताया कि उन्होंने कोर्ट से बांदा जेल प्रशासन के अधिकारी के उपस्थित न होने पर एतराज भी जताया।

# जल्द पूरी होगी अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही एक सप्ताह के अंदर पूरी हो जाएगी। विद्यालय का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं किए जा सके हैं। इसके लिए विद्यालय समिति की ओर से निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है।

अटल आवासीय विद्यालय 16 मंडलों में शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते यहां के छात्रों को दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित किया गया है। भवन बनने के बाद उन्हें यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित किए जा रहे अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हो चुकी है। बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि जो सत्र शुरू हुआ है, उसमें पिछले वर्ष जिन बच्चों ने कक्षा 6 में प्रवेश लिया था, अब वो पास होकर कक्षा 7 में पहुंच गए हैं और उनकी पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नए सत्र में कक्षा 6 और कक्षा 9 में छात्रों को प्रवेश दिया जाना है जिसका परिणाम फिलहाल इंतजार में है। परिणाम बन चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण कुछ जगह घोषित नहीं कर पाए। निर्वाचन आयोग से इस संबंध में अनुमति मांगी है। बताया कि तैयारी पूरी है और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पठन कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा।

सचिव ने बताया कि बच्चों की यूनिफॉर्म, शूज और कॉपी-किताबों समेत सभी आवश्यक सामान के लिए बिड प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 में 140 बच्चे तथा कक्षा 9 में 140 बच्चे यानी कुल मिलाकर 280 बच्चों को प्रवेश दिया जाना है। लड़कों और लड़कियों का प्रतिशत 50-50 रहेगा।

## सार-संक्षेप

### व्हाट्सएप कॉल कर बदमाश ने पूर्व प्रमुख से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** होटल संचालक पूर्व ब्लाक प्रमुख के नम्बर पर व्हाट्सएप कॉल कर बदमाश ने 50 लाख रूपये की फिरौती मांगी। रूपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आरोपी की छानबीन कर रही है। विजय कुमार नाम के एक अज्ञात बदमाश ने व्हाट्सएप कॉल करके शिवगढ़ ब्लाक के पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी से 50 लाख रूपये की रंगदारी मांगी है। इससे पूर्व प्रमुख के घर व के परिवार के लोग सहमे हुए हैं। शहर के बाबागंज निवासी विवेक शनिवार शाम स्टेशन के सामने स्थित अपने प्रतिष्ठान होटल विवेक पर बैठे थे। इसी बीच उनके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप काल आई। कहा गया कि अगर 50 लाख रुपये नहीं पहुंचा दोगे तो 24 घंटे के अंदर तुम्हारी हत्या हो जाएगी। नगर कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि डिजिट से नंबर पाकिस्तानी लग रहा है। तकनीकी ढंग से मामले की जांच की जा रही है।

### 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त, जमा कराये गये

**लखनऊ, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई में 3990 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर दिए गए हैं। इन्हें जमा करा लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से पांच अप्रैल तक पुलिस विभाग के जरिए अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये हैं। निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 18,83,558 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस जारी की गई, 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।पुलिस विभाग की ओर से 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066 .5 किलोग्राम विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किये गये।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अब तक 71,16,499 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई जा चुकी है। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 43,03,917 और निजी स्थानों से 28,12,582 सामग्री हटाई गई है। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 976 मामलों और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1794 मामलों में कार्रवाई की गई है। बिना अनुमति के सभा और भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग और अन्य मामलों में 32 एफआईआर दर्ज की गई है।

### भाजपा ने लिया वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल समेत 1.63 लाख बूथों पर मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण, अन्त्योदय लक्ष्य के साथ वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वज फहराकर बधाई देते हुए नींव तैयार करने वाले महान विभूतियों को नमन किया। प्रदेश महामंत्री ( संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन करने के बाद अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। शनिवार को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यालयों तथा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया। मि मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर घर-घर कार्यकर्ता पहुंचे और प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख तथा स्थानीय नागरिकों के बीच पार्टी के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई। प्रदेश मुख्यालय में मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी अतुल अवस्थी व कुश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# प्रियंका गांधी सहारनपुर में जल्द करेंगी रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राहुल गांधी समेत स्टार प्रचारक उतरेंगे प्रचार में



**अमृत विचार :** प्रत्याशियों के पक्ष में भाजपा की ताबड़तोड़ जनसभाओं के बाद अब कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में उतरेंगी। प्रियंका के सहारनपुर में रोड शो की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही, प्रचार में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व अन्य स्टार प्रचारक उतरेंगे।

इंडिया गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 14 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज सीट के प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है। पहले व दूसरे चरण की सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की ओर से रोड शो व जन सभाओं की मांग शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशियों की मांग के अनुरूप चुनाव प्रचार कार्यक्रम पर मंथन शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पहले व दूसरे चरण की सभी सीटों पर स्टार प्रचारकों के जनसभाएं करने को लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्याशी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की जनसभाओं पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी के सहारनपुर में जनसभा व रोड शो करने की संभावना है। इसके साथ ही, प्रयागराज, अमेठी व रायबरेली सीटों के लिए प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है।

# अनाथालय में आग, 16 बच्चे व 3 केयरटेकर सकुशल निकाले गए

**नोएडा, एजेंसी :** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 26 स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारण से आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। आग में फंसे 16 बच्चों और तीन कर्मचारियों को सकुशल बाहर निकाला गया। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग भवन के स्टोर रूम में लगी थी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार देर रात दो बजे के करीब दमकल पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 26 के सी- ब्लॉक स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बरेली, बदायूं, रामपुर व मुरादाबाद के न्यायिक अधिकारी शामिल

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 322 अपर जिला सत्र न्यायाधीश, 73 सिविल जज (जूनियर डिवीजन) और 192 सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक के न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा दी गई है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक अधिकारियों की सूची में अनुतोष कुमार शर्मा वाराणसी से कासगंज, चंद्र विजय श्रीनेत मुरादाबाद से बुलंदशहर, सुश्री छवि अस्थाना गाजियाबाद से रामपुर, राहुल सिंह (द्वितीय) सीतापुर से कानपुर नगर, चंद्रशेखर मिश्रा मिर्जापुर से मेरठ, सुश्री कविता निगम बरेली से बहराइच, रामानंद आजमगढ़ से बरेली, कुमारी पारुल जैन बिजनौर से लखीमपुर खीरी, श्रीमती मोना पंवार गौतम बुद्ध नगर से मुरादाबाद, कुमारी अलका चौधरी महोबा से बिजनौर, शैलेंद्र सचान मुरादाबाद से फर्रुखाबाद स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रैंक के स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों की सूची में श्रीमती काव्या श्रीवास्तव लखनऊ से रामपुर, श्रीमती बिंदु यादव रामपुर से फतेहपुर, सुश्री स्वाति वर्मा (द्वितीय) बरेली से जालौन (उरई), सुश्री पूजा शर्मा बिजनौर से लखीमपुर खीरी, मनाली चंद्रा बदायूं से सुल्तानपुर, सुश्री रचना रावत मैनपुरी से बरेली, प्रगति रघुवंशी आगरा से मुरादाबाद शामिल हैं।

सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक न्यायिक अधिकारियों में अविनाश चंद्र गौतम को लखीमपुर खीरी से सुल्तानपुर, सर्वेश सिंह यादव को मुरादाबाद से इटावा, अनूप कुमार पांडेय को मुरादाबाद से बलरामपुर, विनोद शर्मा को मेरठ से अयोध्या, श्रीमती किरण गोंड को सुल्तानपुर से लखीमपुर खीरी, आशुतोष (द्वितीय) को बरेली से फतेहपुर, देवेंद्र कुमार (प्रथम) को बरेली से बस्ती, श्रीमती श्वेता चौधरी को मऊ से मुरादाबाद, प्रशांत मिश्रा (द्वितीय) को लखनऊ से अमरोहा, विमलेश सरोज को बरेली से मैनपुरी, सुमित कुमार (प्रथम) को रायबरेली से बरेली, श्रीमती स्मिता गोस्वामी को मुरादाबाद से हरदोई व सचिन कुमार दीक्षित को मुरादाबाद से चित्रकूट स्थानांतरित किया गया है।इनके अतिरिक्त अन्य कई न्यायिक अधिकारी भी स्थानांतरित किये गए हैं।


## वर्ग पहेली-32

**बाएं से दाएं**

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

**ऊपर से नीचे**

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।
3. नागरिक, नगर का निवासी।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है



### वर्ग पहेली -31 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 म | ■ | 2 टे | ■ |
| ■ | 3 उ | दि | त | यौ | व | 4 ना |
| 5 रे | ■ | ■ | वि | ■ | ■ | ग |
| टि | ■ | ■ | भा | ■ | ■ | र |
| ना | ■ | ■ | 6 ज | 7 ब | कि | ■ |
| ■ | 8 वै | 9 खा | न | स | ■ | 10 ताँ |
| ■ | ■ | म | ■ | र | ■ | 11 ता |

# दिसंबर तक तैयार हो जाएगा राम दरबार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दौरान मंदिर के प्रथम तल को दिसंबर 2024 तक तैयार करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम तल पर राम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर के परिधि में 795 मीटर लंबे परकोटे के निर्माण का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन शनिवार की बैठक चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर एक हजार वर्ष तक सुरक्षित रहेगा। निर्माण में एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी के साथ राजकीय निर्माण निगम को भी शामिल किया गया है। इस दौरान गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि निर्माण का मुख्य लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरा कर लेना है। निर्माण पूरा करने के बाद ट्रस्ट को मंदिर सौंप दिया जाएगा।

**बंद रहीं हनुमानगढ़ी की 250 लड्डू प्रसाद की दुकानें :** रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर हनुमानगढ़ी पर स्टील रेलिंग लगाए जाने को लेकर शनिवार को हनुमानगढ़ी की करीब 250 लड्डू प्रसाद की दुकानें पूरे दिन बंद रहीं। रेलिंग के विरोध में उतरे दुकानदारों ने आक्रोश जताते हुए जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन भी सौंपा। लड्डू प्रसाद की दुकानों की बंदी के चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभूतपूर्व बंदी के चलते शनिवार को 50 क्विंटल से अधिक देशी घी के लड्डू नहीं बिके और करीब दो सौ क्विंटल फूलमाला भी पड़ी रही।

### 20 क्विंटल फूलों से सजेगा कनक भवन



**अयोध्या।** रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी सरकार के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को 20 क्विंटल फूलों के साथ-साथ आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। जरबेरा व रजनीगंधा जैसे खुशबूदार फूलों की खेप, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता व दिल्ली से मंगाई गई है। इसके साथ ही कनक बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

# मुरादाबाद के वीर सिंह और बरेली की साधना समेत कई दिग्गज हुए भाजपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, सपा व बसपा को झटका देते हुए कई पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई एनजीओ संचालक भी भाजपाई हुए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कराई। इसमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रेमदास कठेरिया (इटावा), पूर्व मंत्री सपा नेता डॉ. के.सी. पाण्डेय (गोरखपुर), पूर्व मंत्री सपा नेत्री साधना मिश्रा (बरेली), सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर) और पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव (आजमगढ़) शामिल रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइए।



बीजेपी कार्यालय पर विभिन्न दलों के लोगों को सदस्यता ग्रहण कराते ब्रजेश पाठक।

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |

### सुडोकू -110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 06 .53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03 .21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** – आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**वृष** – आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**मिथुन** – आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क** – आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

**कन्या** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**तुला** – आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर** – आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

**मीन** – आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- कहानी किस्मत की – दोपहर : 12 .02
- लोहा – रात : 07 .57


**&pictures**
- एंटरटेनमेंट – सुबह : 09 .20
- दिल चाहता है – शाम : 04 .30

**Sony Pix**
- इन द हार्ट ऑफ द सी – सुबह : 10 .05
- स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- डॉन – सुबह : 11.30
- रईस – रात : 07 .40

**Colors Cineplex**
- भगवंत केसरी – दोपहर : 12 .55
- पिचैककरण – रात : 07 .03

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |
| संजू सैमसन (आरआर) | 04 | 178 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।



स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

# पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, '' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है ।'' उन्होंने कहा, '' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''



- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

# बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त

# राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

## विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार



विराट कोहली

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर ( 100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।



जोस बटलर

## मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

**बेंगलुरु 183/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 113 | 72 | 12/4 |
| फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल | 44 | 33 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर | 01 | 03 | 0/0 |
| सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल | 09 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 05 | 06 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

**राजस्थान 189/4** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली | 00 | 02 | 0/0 |
| जोस बटलर नाबाद | 100 | 58 | 9/4 |
| संजू सैमसन का दयाल बो सिराज | 69 | 42 | 8/2 |
| रियान पराग का कोहली बो दयाल | 04 | 04 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली | 02 | 03 | 0/0 |
| शिमरोन हेटमायेर नाबाद | 11 | 06 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

## खेल डायरी

### स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

**चंडीगढ़।** भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

### टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

**मोंटे कार्लो (फ्रांस)।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

### विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

**टोरंटो।** विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

### सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

### भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

# डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से**

**अमृत विचार:** एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

**जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स :** कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ' 'अख दा तारा' ' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ' 'अख दा तारा' ' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

# अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।



# ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ' 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ' 'कल्कि 2898 एडी' ' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म ' ' 'कल्कि 2898 एडी' ' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ' 'कल्कि 2898 एडी' ' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

